26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 5 मई, 2026

अंक- 190 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# बंगाल में 9 मई को शपथ लेगी भाजपा सरकार ?

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के बाद सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। बीजेपी सूत्रों के अनुसार, बंगाल में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 10 मई से पहले हो सकता है, क्योंकि 9 मई को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती है और इसी कारण इस तारीख को विशेष महत्व दिया जा रहा है।



सूत्रों का कहना है कि बंगाल में नई सरकार बनाने की रूपरेखा तैयार करने के लिए बीजेपी के दिग्गज नेताओं की दिल्ली में बड़ी बैठक होगी। इस बैठक में शुभेंदु अधिकारी, समिक भट्टाचार्य, भूपेंद्र यादव, सुनील बंसल, बिप्लब देब और अमित मालवीय शामिल होंगे। ये सभी नेता गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ मिलकर मंत्रिमंडल, राज्य में आगे की राजनीतिक रणनीति पर विस्तृत चर्चा करेंगे। बताया जा रहा है कि ये महत्वपूर्ण बैठक आज देर रात या कल हो सकती है।

सूत्रों का ये भी कहना है कि बंगाल की संस्कृति और परंपरा को ध्यान में रखते हुए शपथ ग्रहण की टाइमिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 9 मई को रवींद्रनाथ टैगोर जयंती होने के कारण ये दिन सरकार की शुरुआत के लिए एक प्रतीकात्मक और बड़ा अवसर हो सकता है।

## बीजेपी ने जीतीं 206 सीटें

**बीजेपी ने बंगाल विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए दो तिहाई से ज्यादा बहुमत हासिल किया है। बीजेपी ने बंगाल में 206 सीटें जीत कर इतिहास रच दिया है तो सत्तारूढ़ टीएमसी 80 सीटों पर सिमट गई है, जबकि एक सीट पर अभी-भी ममता की पार्टी ने बढ़त बनाई हुई है। इसके अलावा ममता बनर्जी खुद भवानीपुर से चुनाव हार गई हैं। वहीं, चुनाव में करारी हार के बाद टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने बीजेपी पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए 100 सीटों पर मतगणना में धांधली की बातें कही हैं।**

# गृह जिले में तैनात नहीं होंगे समूह क के अधिकारी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में प्रदेश कैबिनेट ने तबादला नीति 2026-27 को मंजूरी दे दी। इसके तहत समूह क के अधिकारियों को उनके गृह जिले में तैनात नहीं किया जाएगा। समूह क ऐसे अधिकारियों जिनके पद केवल मंडल स्तर पर हैं, उन्हें उनके गृह मंडल में तैनात नहीं किया जाएगा। समूह ख के अधिकारियों को उनके गृह मंडल में तैनात नहीं किया जाएगा, यह प्रतिबंध केवल जिलास्तरीय विभागों व कार्यालयों में लागू होंगे। समूह ग के सभी कार्मिकों का पटल, क्षेत्र परिवर्तन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। स्थानांतरण के लिए तीन साल और सात साल का कटऑफ अवधि 31 मार्च माना जाएगा। विभागाध्यक्ष अपने मंत्रियों की सहमति से 31 मई तक कार्मिकों का स्थानांतरण कर सकेंगे। सेवानिवृत्ति में दो साल बचने वाले कार्मिकों को उनके गृह जिले में तैनाती पर विचार होगा। तबादला नीति के दायरे में नौ लाख से अधिक राज्य कर्मचारी आएंगे।

# चिंता न करें, हर समस्या दूर होगी, जनता दर्शन में बोले मुख्यमंत्री योगी

**गोरखपुर ( एजेंसी/चिंगारी )। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मिलने आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करिए, सरकार हर समस्या का प्रभावी समाधान कराएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठे लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लिए तथा समीप खड़े अफसरों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और निष्पक्ष होना चाहिए।**

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE

इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती





डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob. 7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S. ABROAD

Since 2010

M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS

Abroad Admission & Counselling For India

• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है

471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

## सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र गंभीर घायल

मंडावली (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के भागूवाला में वालिया होटल के सामने मोटरसाईकिल व ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने से टक्कर में बाइक सवार बाबू पुत्र बल्ले निवासी ग्राम श्यामीवाला व उनका पुत्र भूरा गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को उपचार के लिए समीपुर अस्पताल भिजवाया। जहां उपचार के दौरान बाबू ने दम तोड़ दिया। वही भूरे की हालत गंभीर बनी है।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

## एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में भाजपा की शानदार जीत पर जश्न मनाया। इस ऐतिहासिक विजय की खुशी में कार्यकर्ता शुभम ग्रोवर के प्रतिष्ठान पर एकत्र हुए जहां सभी ने मिलकर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल ने स्वयं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस बड़ी जीत की बधाई दी। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने न केवल मिठाइयां बांटी, बल्कि ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। पार्टी समर्थकों का कहना है कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व बंगाल की जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। इस कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा नेताओं ने भी शिरकत की। जिसमें नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, शुभम ग्रोवर, बिट्टू भटनागर, संजय सैनी, ऐश्वर्या ऐरन, मोनू, हिमांशु तायल, मोनिका यादव, इंदू राजपूत, मनीष सैनी, गीताराज, सुविधा भटनागर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर आदर्श नगर शिवमंदिर पर पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सरकार बनने की बधाई दी तथा एकजुट होकर उत्तर प्रदेश में पुन: योगी जी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला महामंत्री बलराज त्यागी, मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय, चौधरी ईशम सिंह, भाजपा नेत्री लीना सिंघल, महेश मलिक एड., डॉ. रितेश सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, राजकुमार प्रजापति, अमन शर्मा, नितिन त्यागी पूर्व ग्राम प्रधान पति, प्रभात शर्मा, गायत्री निराला, रणवीर सिंह निराला, युवी चैधरी, विष्णु सिंह, कपिल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर किया खुशी का इजहार



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार मार्ग स्थित मोटाआम पर चावल व्यापारी कमल बंधु के प्रतिष्ठान पर आतिशबाजी कर व एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर भाजपा नेता लवी अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जीत उन जैसे असंख्य कार्यकर्ताओं के दिल पर राज कर रहे मोदी व योगी की जीत है। जनता सुशासन चाहती है। जनता अमन व चैन के साथ है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, महामंत्री अभिषेक, जिलामंत्री बलराज त्यागी, रूस्तम यादव, मोनिका यादव, सरदार परविंदर सिंह, कमल सेठी, अंकन गोयल, सभासद शिवम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## प्लॉट पर खड़े तीन वाहनों से बैटरी व डीजल चोरी

नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के ग्राम चंदनपुरा मथुरापुर मोर निवासी मौ. आदिल ने पुलिस को दी तहरीर में बतया कि उनके प्लॉट पर ट्रांसपोर्ट कार्यालय बना हुआ है, जहां उसके व परिवार के डम्पर खड़े रहते है। जिस समय चौकीदार कार्यालय में सो रहा था, इसी दौरान वहां खड़े तीन वाहनों से चोरों ने बैटरे व हजारों रूपए का डीजल चोरी कर लिया। सीसीटीवी कैमरे में तेल चोरी होते देखकर उन्हें घटना का पता चला। चौकीदार ने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया मगर वह वहां से भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर मंडावली क्षेत्र के मीरमपुर बेगा में चोरों ने चार किसानों के टयूबवैलों से हजारों रूपए का सामान चोरी कर लिया। चोरों ने मोहसिन, अरशद, फुरकान, युनूस के टयूबवैल से हजारों का सामान साफ कर दिया। चोरों ने कांठपुर अड्डे पर वसीम की मिठाई के दुकान के ताले तोड़कर वहां से हजारों रूपए का सामान चोरी कर लिया।

# साहनपुर का होगा विकास, 9 करोड़ का बजट पास



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर बोर्ड की बैठक चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी की अध्यक्षता एवं अधिशासी अधिकारी अनूप कुमार रावत के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 9 करोड रुपये का बजट पारित किया गया। बैठक में सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं रखीं, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। साथ ही 12 मई को डिजिटल लाइब्रेरी के उद्घाटन पर सहमति बनी। लाइब्रेरी के संचालन हेतु समय निर्धारित किया गया, जिसमें पहली शिफ्ट सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक (लड़कों के लिए) तथा दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक (लड़कियों के लिए) रहेगी। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था एवं पेयजल आपूर्ति के समय में सुधार पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा शासन द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर सरकार द्वारा नामित तीनों सभासदों का स्वागत किया गया। बैठक में कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक सादिक, सभासद शाहिद, इकबाल, नामित सभासद राजकुमार प्रजापति, अजीम अहमद, सचिन देशवाल, शहनाज, अजमल खान, फुरकान, अंजू, रुकसाना, शहजाद अंसारी, इरशाद, रिहाना सहित काफी सभासदगण उपस्थित रहे।

# गन्ना कोल्हू पर भीषण आग लगने से दर्जनों किसानों की खोई जली

नजीबाबाद (चिंगारी)। फायर स्टेशन नजीबाबाद को ग्राम सराय आलम थाना नांगल के अंतर्गत गन्ने के कोल्हू में आग लगने की सूचना दी गई। घटना पर किये गये आपरेशनल रेस्क्यू/अग्निकांड के तहत घटना की सूचना प्राप्त होते ही फायर सर्विस यूनिट अविलम्ब फायर स्टेशन नजीबाबाद से घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि ग्राम सराय आलम में नहर के किनारे बने कोल्हू में आग लगी थी, कोल्हू पर इकठ्ठी खोई ने आग पकड़ ली थी, जिसे फायर सर्विस यूनिट ने तत्काल होजरील के माध्यम से एक लाइन बनाकर बुझाना आरम्भ किया आग की विकरालता को देखते हुए प्रभारी अग्नि शमन केंद नजीबाबाद द्वारा मोटर फायर इंजन से 3 होज पाइप फैलाकर व दूसरी तरफ से होजरील के माध्यम से आग की लपटो को शांत किया तथा पानी की सम्पूर्ति बनाए रखने के लिए नहर से पानी प्राप्त करने के लिए पंप सेट (ट्रैक्टर) की सहायता से टैंकर में पाइप डालकर लगातार पंपिंग करते रहे। फायर सर्विस यूनिट द्वारा गन्ने की खोई की आग को कुरेद-कुरेद कर पानी डालते रहे तथा कठिन परिश्रम कर खोई की आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। उक्त अग्निकांड में शौकत अली पुत्र अब्दुल वाहिद, मोहम्मद इस्माईल पुत्र यामीन, निसार अहमद पुत्र अब्दुल लतीफ, सकिल पुत्र अज़ीज, ज़ुल्फकार पुत्र शौकत अली, जावेद पुत्र इस्लामुद्दीन, मुस्तकीम पुत्र यासीम, अनीस पुत्र शफ़ीक़, मक़सूद पुत्र मकबूल आलम, राकेश पुत्र राजपाल निवासीगण सराय आलम की खोई का नुकसान हुआ। घटना के संबंध में फायर स्टेशन के प्रभारी केएस जादौन ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी बिजनौर एवं मुख्यालय फायर सर्विस लखनऊ को अवगत कराया।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# पहली बार किसी कार्यकत्री को समारोहपूर्वक विदाई दी गई



रिटायर हुई कार्यकत्री को भावभीनी विदाई देती इंचार्ज सीडीपीओ, सुपरवाइजर व कार्यकत्रियां।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बाल विकास परियोजना अफजलगढ़ के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र दहलावाला पर सेवारत कार्यकत्री स्नेहलता की सेवानिवृत्ति पर कासमपुरगढ़ी बस स्टैंड स्थित सीडीपीओ कार्यालय से उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। स्नेहलता 1997 में नियुक्त हुई थीं, जो 29 साल सेवाएं प्रदान करने उपरांत विभागीय जिम्मेदारियों से निवृत्त गई हैं। सोमवार को सीडीपीओ कार्यालय में आयोजित विदाई कार्यक्रम में उनकी सेवाओं को सराहते हुए उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान इंचार्ज सीडीपीओ अनीता चौहान ने स्नेहलता से आगे भी सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकत्रियों ने सीडीपीओ कार्यालय में किसी कार्यकत्री के रिटायरमेंट के कार्यक्रम के पहली बार आयोजन पर इंचार्ज सीडीपीओ अनीता चौहान की इस पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उपस्थित कार्यकत्रियों ने कहा कि आज से पूर्व रिटायर हुई कार्यकत्रियां व सहायिकाएं बस यूं ही घर बैठ जाया करती थी, कभी कार्यालय से उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई नहीं दी गई थी। इस अवसर पर सुपरवाइजर इरम शहनाज व कार्यालय लिपिक अमित कुमार सहित स्नेहलता चौहान, शिखा चौहान, सुनीता देवी, पूनम चौहान, सर्वेश देवी, ममता देवी आदि कार्यकत्रियां व सहायिकाएं मौजूद रहीं।

## शिक्षामित्र के आकस्मिक मौत से शोक की लहर



राजपाल सिंह का फाइल फोटो

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के संविलियन विद्यालय नारायणवाला में कार्यरत ग्राम उमरपुर नत्थन निवासी शिक्षामित्र राजपाल सिंह ( 54 वर्ष ) की रविवार की देर रात्रि आकस्मिक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। इस दुखद सूचना से शिक्षक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के मुताबिक रविवार की देर रात्रि राजपाल सिंह को अचानक सांस लेने में दिक्कत हुई। परिजन उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। कंपोजिट स्कूल नारायणवाला की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा सिंह चौहान, उनके पति शैलेंद्र चौहान, शिक्षक दिनेश कुमार, मौ. ताहिर, ज्योति व मीना सहित ब्लॉक क्षेत्र के अनेक शिक्षकों ने उनके घर पहुंच कर शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।

धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## 24 मई को चांदपुर में होगा गुरमत समागम



संगत से पहुंचने की अपील

**खासपुरा ( चिंगारी )।** धन-धन श्री गुरु गोविंद सिंह जी के खालसा साजना दिवस व बैसाखी को समर्पित चांदपुर सिंह सभा गुरुद्वारा की सर्वसंगत के द्वारा महान गुरमत समागम 24 मई दिन रविवार को हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर में बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जायेगा, जिसमें सिख पंथ के महान कीर्तनिये भाई रणजीत सिंह खालसा डंडारिया वाले पहुंच रहे हैं। चांदपुर गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य और संगत ने जागृति यात्रा प्रचार वाहन के माध्यम से खासपुरा, ऊमरी, ओलियापुर, पैजनिया, बिडार, सेलपुरा-बमनोला और आसपास के गांव मे जाकर होने वाले कीर्तन समागम को सफल बनाने के लिए संगत से अपील की। इस अवसर पर चांदपुर गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य,शक्ति सिंह दिगवा, हरजीत सिंह, गुरुदीप सिंह, इन्दरजीत सिंह रोकी, सुरजीत सिंह, पपेंद्र सिंह,संसार सिंह फलोदिया, हरमन्दर सिंह, भूपेंद्र सिंह नीटू,जितेंद्र सिंह, बलराम सिंह, सतविंदर सिंह भोटकी आदि संगत मौजूद रही।

Hero
हीरो अब शानदार ऑफर के साथ

1 मई से 31 मई तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## नशीले पदार्थों का कारोबार

देश में नशीले पदार्थों का व्यापार किस तरह फल-फूल रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। पंजाब इस मामले में सबसे आगे रहा है। वहां इस समस्या को लेकर 'उड़ता पंजाब' जैसी बॉलीवुड फिल्म भी बन चुकी है। वैसे यह समस्या विश्वव्यापी है। भारत भी इससे बुरी तरह प्रभावित है। पंजाब में तो इसकी मार विस्फोटक दौर में पहुंच चुकी है। भले ही इस समस्या की कम चर्चा होती हो कि देश में नशीले पदार्थों का सेवन विस्फोटक स्थिति में पहुंच गया है, यह कड़वी सच्चाई है कि औसत भारतीय स्वास्थ्य को जिन कारणों से सर्वाधिक नुकसान पहुंच रहा है, यह पदार्थ उनमें सर्वप्रमुख हैं। इसी के चलते बीते दिनों सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया कि नशीले पदार्थों के बढ़ते चलन को रोकने के लिए राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण कराया जाएगा। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संस्थान की ओर से किए जाने वाले इस सर्वेक्षण में नशीले पदार्थों के प्रयोगकर्ताओं, विभिन्न वर्जित पदार्थों की किस्मों और इन पर रोक लगाने के साधनों के आंकड़े विभिन्न राज्यों से एकत्रित किए जाएंगे। देश भर में कितने लोग नशीले पदार्थों का प्रयोग करते हैं, इस संख्या के बारे में विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं और यही कारण है कि विभिन्न राज्य नशामुक्ति कार्यक्रमों के लक्ष्यों को पूरा करने में असफल रहे है। नशा मुक्ति के तमाम प्रयासों के बावजूद किशोरों और युवाओं में मादक पदार्थों की लत बढ़ती जा रही है। इसके पीछे वजह जहां एक ओर सरकारी नीति और प्रशासनिक कमजोरी है, वहीं दूसरी ओर विकृत होती जीवनशैली भी है। यद्यपि अफीम, कोकीन, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों के उत्पादन, बिक्री, सेवन आदि के खिलाफ कड़े कानून हैं और इस संबंध में अंतराष्ट्रीय समझौते भी हुए हैं, मगर स्थिति यह है कि इनका गैरकानूनी धंधा लगातार बढ़ता गया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक दक्षिण एशिया में भारत हेरोइन का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत हो या दुनिया का कोई भी देश, तस्कर अपने इरादों में इसलिए कामयाब हो जाते हैं क्योंकि पुलिस उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं करती या फिर वह तस्करों के साथ खुद भी मिली रहती है।

# बीजेपी अब विपक्ष मुक्त भारत बनाने में सफल हो जायेगी?

**सच यह है कि आज बीजेपी के मतदाता, समर्थक और सहयोगी दलों को उसकी महंगाई, बेरोज़गारी, पूंजीवादी, गरीब विरोधी और अपराध बढ़ाने वाली राजनीति से भी कोई विशेष नाराज़गी नहीं है। साथ ही बीजेपी ने अपने परंपरागत हिंदू वोटबैंक के कुछ मामलों में खफा होकर छिटकने के डर से केंचुआ यानी केंद्रीय चुनाव आयोग से मिलीभगत करके एसआईआर के बहाने अपने विरोधियों के लाखों वोट थोक में काटकर और अपने समर्थकों के फर्जी वोट जुड़वाकर पहले से जीते राज्य कभी न गंवाने और विपक्ष शासित राज्यों को चुनाव में उससे छीनकर अब कांग्रेस मुक्त नहीं, बल्कि रूस, चीन और तुर्की की तरह विपक्ष मुक्त बनाने का अभियान शुरू कर दिया है।**



**इक़बाल हिन्दुस्तानी**

प्रतिष्ठा और चर्चा का सवाल बना बंगाल का चुनाव विपक्ष की सबसे मज़बूत और लड़ाकू समझे जाने वाली ममता बनर्जी से बीजेपी ने जीत लिया है। पांच राज्यों तमिलनाडु, केरल, बंगाल, असम और पुडुचेरी में हुए चुनाव में लगभग वैसे ही नतीजे आये हैं जैसा कि जानकारों को आशंका या अनुमान थे। हालांकि तमिलनाडु को लेकर कम लोगों को अंदाज़ था कि वहां पहली बार चुनाव लड़ रही टीवीके पार्टी दोनों प्रमुख दलों द्रमुक और अन्नाद्रमुक को इतना पीछे छोड़कर अपने बल पर बहुमत की ओर बढ़ सकती है, लेकिन असम और केरलम में आशा के अनुरूप ही परिणाम आये हैं। सबसे अधिक चर्चा, शंका और विवाद बंगाल के नतीजों को लेकर ही चल रहा था। यह स्पष्ट जनादेश नहीं कहा जा सकता। एग्ज़िट पोल अधिकांश बीजेपी की जीत पहले ही बता रहे थे, लेकिन उनकी विश्वसनीयता इतनी खराब हो चुकी है कि कोई न्यूटल आदमी उनकी बात पर भरोसा नहीं कर रहा था। जहां तक बीजेपी पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के दावों का सवाल है वे हर राज्य में चुनाव से पहले ही हर चरण में एकतरफा बहुमत चुनाव बाद बंपर जीत और शपथ लेने की बात इतने अधिक आत्मविश्वास से कहते हैं कि जिससे लोग भ्रमित हो जाते हैं। उनका ऐसा कहने के पीछे एक और मकसद रहता है कि विपक्ष के कार्यकर्ता नरवस हो जायें, बीजेपी के नेता और वर्कर जोश से भर जायें और साथ ही मतदाताओं का वह वर्ग जो अंतिम समय तक यह तय नहीं कर पाता कि उसको किस दल को वोट देना है, वह इनकी अतिश्ययुक्त बातों में आकर बीजेपी को केवल इसलिये वोट दे दें कि जब यही पार्टी जीतने जा रही है तो वह अपना वोट क्यों खराब करें? अमित शाह जब-जब यह कहते हैं कि बीजेपी अब देश पर 50 साल राज करेगी, तो कुछ लोगों को उनकी बात पर विश्वास नहीं होता है। लेकिन अब धीरे-धीरे यह बात साफ होती जा रही है कि अमित शाह ऐसा दावा क्यों करते हैं? कुछ जानकार लोगों का कहना है कि बीजेपी जिस हिंदुत्व साम्प्रदायिकता और मुस्लिम विरोध की नफ़रती राजनीति करती है, उससे एक-दो चुनाव तो जीते जा सकते हैं, लेकिन बार-बार काठ की हांडी नहीं चढ़ती। लेकिन गुजरात में सबसे लंबा तीन दशक का राज इस तरह की विवादित राजनीति से सफल बनाकर और राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़ के बाद अब असम में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही बीजेपी ने उन लोगों के दावों को झुठला दिया है, जो यह कहते हैं कि आर्थिक मुद्दे अंततः धर्म व नफ़रत की सियासत पर भारी पड़ेंगे।



सच यह है कि आज बीजेपी के मतदाता समर्थक और सहयोगी दलों को उसकी महंगाई, बेरोज़गारी, पूंजीवादी, गरीब विरोधी और अपराध बढ़ाने वाली राजनीति से भी कोई विशेष नाराज़गी नहीं है। साथ ही बीजेपी ने अपने परंपरागत हिंदू वोट बैंक के कुछ मामलों में खफा होकर छिटकने के डर से केंचुआ यानी केंद्रीय चुनाव आयोग से मिलीभगत करके एसआईआर के बहाने अपने विरोधियों के लाखों वोट थोक में काटकर और अपने समर्थकों के फर्जी वोट जुड़वाकर पहले से जीते राज्य कभी न गंवाने और विपक्ष शासित राज्यों को चुनाव में उससे छीनकर अब कांग्रेसमुक्त नहीं, बल्कि रूस, चीन और तुर्की की तरह विपक्ष मुक्त बनाने का अभियान शुरू कर दिया है, जिसमें वह काफी हद तक सफल होती भी नज़र आ रही है। केंचुआ का खुला एकतरफा झुकाव मीडिया का पक्षपात केंद्रीय जांच एजेंसियों का विपक्ष और बीजेपी विरोधी सोच वालों के खिलाफ दुरुपयोग पुलिस प्रशासन और बुलडोजर का अन्यायपूर्ण गैर कानूनी दंडित करने वाला इस्तेमाल और कोर्ट का सरकार के साथ सुर में सुर मिलाना बताता है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की जो एजेंसियां बार-बार भारत के बारे में यह दावा कर रही हैं कि यहां लोकतंत्र संविधान और कानून का राज समाप्त होता जा रहा है, लगता है पूरी तरह गलत भी नहीं है। बंगाल का मामला एसआईआर को लेकर इसलिये शुरू से विवाद में रहा कि यहां केंचुआ ने बीजेपी को सियासी फायदा पहुंचाने के लिये एक नई कवायद लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के नाम पर शुरू की जिससे 2002 की मतदाता सूची में नाम होने के बाद भी 27 लाख से अधिक लोगों को नाम में मामूली गल्तियां होने की वजह से वोटर लिस्ट से बाहर कर दिया गया। इन विवादित नामों पर विचार करने के लिये दिखावे के लिये न्याधिकरण बनाये गये, लेकिन उनमें समय पर सुनवाई नहीं हुयी। इन लोगों ने अपने कागजात भी जमा किये, लेकिन नाम नहीं जुड़े। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सही मानते हुए इतनी बड़ी संख्या को अगले चुनाव में वोट डालने की बात कहकर उनका संवैधानिक अधिकार छीनने में साथ दिया। इतना ही नहीं ढाई लाख से अधिक केंद्रीय अर्धसैनिक बल बंगाल में चुनाव की निगरानी करने को उतारे गये। वहां की पुलिस और प्रशासन को अविश्वसनीय मानकर एक तरह से चुनाव में किनारे कर दिया गया, जबकि इससे पहले वहां बड़े-बड़े पदों पर बैठे अधिकारियों को चुनाव आयोग ने अपने यानी बीजेपी के हिसाब से इधर-उधर करके सत्ताधारी टीएमसी को पूरी तरह असहाय और असंबद्ध सा कर दिया। साथ ही पहली बार अभूतपूर्व तरीके से सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और केंचुआ के कहने से अपनी पूरी टीम चुनाव कराने के लिये बंगाल में उतार दी।

जब इन न्यायिक अधिकारियों पर पक्षपात के आरोप लगे और सत्ताधारी ममता बनर्जी के समर्थकों ने इनके विवादित और पक्षपातपूर्ण निर्णयों के खिलाफ आंदोलन करना चाहा, तो केंद्र सरकार ने इस तरह के विरोध को सख्ती से कुचलते हुए एनआईए को जांच सौंपकर कड़ा डरावना संदेश दिया कि ऐसे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को आतंक और देशद्रोही घटना मानकर कुचल दिया जायेगा। इसके बाद जनता के किसी वर्ग की एसआईआर और तरह-तरह के घुसपैठियों के बहाने से भारतीय नागरिकों के वोट काटने की इस मुहिम के विरोध की हिम्मत नहीं हुयी। यह बात भी सामने आई कि जिन 27 लाख लोगों के वोट काटे गये, उनमें से अधिकांश वे मुसलमान हैं जिनको ममता का वोट बैंक माना जाता है। अगर 294 सीटों के हिसाब से देखा जाये तो इससे हर सीट पर लगभग 10 हज़ार वोट का अंतर आ जाता है। ऐसे में दस हज़ार के कम अंतर से जो 40 सीटें टीएमसी ने पिछले चुनाव में जीती थीं वे ज़ाहिर बात है कि इस बार वे हार गयी हैं। देश को यह बात समझने की ज़रूरत है कि बंगाल का चुनाव रूटीन चुनाव नहीं है जिसकी हार-जीत से कोई अंतर नहीं पड़ता हो, बल्कि हम तो एसआईआर शुरू होने के बाद से ही लगातार सोशल मीडिया पर यह आशंका जताते रहे हैं कि चुनाव बीजेपी के पक्ष में जा चुका है, अब केवल 4 मई को यह ऐलान होगा कि बीजेपी कितनी सीटों के अंतर से जीतती है, आज हमारा यह अनुमान सही साबित हो गया। यह देश के बचे हुए विपक्ष शासित उन राज्यों के लिये खतरे की घंटी है, जो अभी तक एसआईआर और केंद्रीय जांच एजेंसियों के एकतरफा पक्षपातपूर्ण इस्तेमाल को केवल राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़, झारखंड, हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली के लिये ही खतरा मानकर चल रहे थे। इसके साथ विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपालों के गैर संवैधानिक हस्तक्षेप उनको जीएसटी, पीएम आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा और अन्य केंद्रीय योजनाओं में पक्षपात करना हमारे संवैधानिक ढांचे पर सीधा हमला माना जाता रहा है, लेकिन संविधान और नागरिक अधिकारों का कस्टोडियन माना जाने वाला सुप्रीम कोर्ट कदम-कदम पर निराश करता आ रहा है।

**( नोट- लेखक आकाशवाणी और पत्रकारिता से चार दशक से अधिक से जुड़ हुए हैं।)**

# सबसे उम्रदराज बाघ 'विक्रम' ने ली अंतिम सांस

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढेला रेंज रेस्क्यू सेंटर में रखे गए देश के सबसे उम्रदराज बाघों में शामिल नर बाघ विक्रम की मौत हो गई। करीब 21 वर्ष तक जीवित रहकर उसने एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया और वन्यजीव जगत में अपनी अलग पहचान स्थापित की।

कॉर्बेट प्रशासन के अनुसार प्रथम दृष्टया उसकी मौत का कारण वृद्धावस्था माना जा रहा है। लंबे समय से रेस्क्यू सेंटर में रह रहा विक्रम अब इतिहास का हिस्सा बन गया है, लेकिन उसकी कहानी हमेशा याद रखी जाएगी।



विक्रम बाघ का अंतिम संस्कार करता वन विभाग।



बाघ विक्रम का फाइल फोटो

विक्रम को 15 नवंबर 2019 को ढिकाला रेंज से रेस्क्यू किया गया था। इसके बाद उसे नैनीताल चिड़ियाघर भेजा गया था। लेकिन 20 अप्रैल 2021 को उसे पुन: ढेला रेंज स्थित रेस्क्यू सेंटर में स्थानांतरित किया गया था। वर्ष 2025 में उसे ट्यूमर की गंभीर बीमारी हो गई थी, जिसका ऑपरेशन किया गया। कुछ समय तक हालत स्थिर रही, लेकिन अंतत: उम्र के चलते उसकी मौत हो गई।

तीन वनकर्मियों का शिकार करने के वाले विक्रम को खुले जंगल में छोड़ना जोखिम भरा था। ऐसे में उसे रेस्क्यू सेंटर में ही रखा गया था, जहां उसने करीब 7 वर्षों तक जीवन बिताया। इस दौरान उसकी देखभाल विशेष रूप से की गई। भोजन में उसे ताजा मांस, विटामिन और मिनरल सप्लीमेंट दिए जाते थे। नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए उसके सैंपल बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान भेजे जाते थे।

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार कैद में बाघों की औसत उम्र लगभग 18 वर्ष होती है। ऐसे में विक्रम का 21 वर्ष तक जीवित रहना अपने आप में एक रिकॉर्ड है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक साकेत बडोला ने विक्रम बाघ की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि विभाग द्वारा उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

## तीन वनकर्मियों को मार डाला था

**विक्रम की पहचान सिर्फ एक उम्रदराज बाघ के रूप में नहीं, बल्कि एक खूंखार शिकारी के रूप में भी रही है। वर्ष 2019 में ढिकाला जोन में इस बाघ ने तीन वनकर्मियों को अपना शिकार बनाया था। उस समय क्षेत्र में घास बेहद ऊंची होने और कई बाघों की मौजूदगी के कारण हमलावर की पहचान करना मुश्किल था। लेकिन उसके विशाल शरीर और गतिविधियों के आधार पर विक्रम को चिन्हित किया गया। इसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद उसे ट्रैंकुलाइज कर पकड़ा गया था।**

## टूट चुके थे कई दांत

विशेषज्ञों के अनुसार जो बाघ एक बार मानव का शिकार कर लेता है, वह दोबारा भी खतरा बन सकता है। इसके अलावा विक्रम की अधिक उम्र भी उसकी रिहाई में बाधा बनी। 20 वर्ष से अधिक उम्र होने के कारण उसके कई दांत टूट चुके थे और बाकी घिस चुके थे, जिससे वह जंगल में शिकार करने या अन्य बाघों से मुकाबला करने में सक्षम नहीं था।

## बाड़े में शांत रहता था 'विक्रम'

**'विक्रम' अपने अतीत में भले ही खौफ का पर्याय रहा हो, लेकिन रेस्क्यू सेंटर में उसका जीवन शांत और सुरक्षित रहा। 600 वर्ग मीटर के बाड़े में वह अक्सर पानी में खेलता नजर आता था। उसकी हर गतिविधि पर नजर रखी जाती थी।**

# चेयरमैन इंजी. मुअज्जम के प्रयास से एमजीएम में आयोजित की गई पहली विज्ञान प्रदर्शनी

## बच्चों द्वारा बनाए गए सुन्दर मॉडल को सभी ने सराहा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम के प्रयास से नगर के एमजीएम इंटर कॉलेज में पहली बार विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सभी मॉडल को लोगों ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका परिषद के चेयरमैन एवं एमजीएम के प्रबंधक इंजीनियर मुअज्जम ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी बच्चों की प्रतिभा को निखारने का एक बेहतरीन माध्यम साबित होती है। उन्होंने छात्रों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों की सराहना करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी अत्यंत प्रतिभाशाली व रचनात्मक है। इसलिए इस पीढ़ी की काबलियत देखने व आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर कॉलेज में प्रदर्शनी व प्रतियोगिताएं आयोजित होती रहनी चाहिएं। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए गए विज्ञान, पर्यावरण व सामाजिक विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट्स विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इन प्रोजेक्ट्स ने न केवल छात्रों के ज्ञान को बढ़ाया, बल्कि समाज के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चेयरमैन के बेटे सुहेल खान व स्कूल स्टाफ का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही। उल्लेखनीय है कि चेयरमैन इंजी. मुअज्जम पिछले काफी समय से एमजीएम इंटर कॉलेज की शिक्षा का स्तर उंचा उठाने तथा कॉलेज में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इसी के चलते पिछले दिनों उन्होंने एमजीएम इंटर कॉलेज में स्मार्ट क्लास शुरू कराई है। जिसके तहत कॉलेज में ब्लैक बोर्ड की जगह स्मार्ट डिजिटल बोर्ड, साइंस लैब, एक्स्ट्रा इंग्लिश स्पीकिंग क्लासेस, कंप्यूटर लैब, सीसीटीवी व वाईफाई कैंपस की स्थापना कराई गई है। जल्दी ही कॉलेज में शानदार लाइब्रेरी भी बनने जा रही है।



प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल देखते चेयरमैन इंजी. मुअज्जम व अन्य।

भारत की दो बहादुर बेटियां "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"



योजना की प्रमुख विशेषताएं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स



Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)

BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

# हनी फ़ैसल का धामपुर में स्वागत हुआ जोरदार

## बोले-2027 में उत्तर प्रदेश में बनेगी सपा की सरकार



**धामपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष हनी फैसल के पहली बार धामपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार का स्वागत किया। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सोमवार को,नौरंगाबाद स्थित पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान के कैंप कार्यालय पहुंचे, जहां समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद कर भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान सपा कार्यकर्ताओं में भरपूर उत्साह देखने को मिला। पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान ने कहा कि हनी फैसल के नेतृत्व में जनपद का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी को मजबूती प्रदान करने में जी जान से जुट जाएगा और 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को सफलता दिलाने का काम करेगा। जिला अध्यक्ष हनी फैसल ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी प्राथमिकता संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ाना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि, आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव में जिला बिजनौर की आठों सीट समाजवादी पार्टी के खाते में जाएंगी और 2027 में अखिलेश यादव की सरकार बनेगी। इस स्वागत समारोह में ठाकुर अमित प्रताप सिंह, नसीम राणा, अरमान अली, सलाहुद्दीन, मेहताब सभासद, रविंद्र राजपूत, लाल बहादुर सिंह, खिजंर, सुहैल अहमद, हाजी कलाम अंसारी, कुशल पाल सिंह, आसिफ अंसारी, गुरमीत सिंह, नवनीत राणा, निसार अहमद, जावेद सईद के अलावा दर्जनों समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नरेन्द्र मोदी व अमित शाह का जादू बोल रहा जनता के सिर चढ़कर : शमीम


शमीम अहमद फल वाले

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता एवं समाजसेवी शमीम अहमद फल आढती ने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का जादू जनता के सिर चढकर बोल रहा है। प्रेस को जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान बंगाल की जनता ने नरेंद्र मोदी और अमित शाह की बातों पर विश्वास करते हुए कमल के निशान वाला बटन दबाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में 41 विधानसभा क्षेत्र में रैली की थी। जिनमें से 39 सीटों पर भाजपा का कमल खिल गया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल भारत का वह अंतिम राज्य है जिसकी सीमाएं बांग्लादेश से मिलती है इसलिए बांग्लादेशी घुसपैठिए भारत में आकर यहां कानून व्यवस्था के लिए खतरा बने हुए थे, जिनको पश्चिम बंगाल में ममता दीदी का संरक्षण मिल रहा था। उन्होंने कहा कि देश का मुस्लिम समाज भी आज राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल हो गया है और वह जानता है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के हाथों में ही देश सुरक्षित होकर उन्नति और प्रगति के पथ पर नए आयाम स्थापित कर सकता है। उन्होंने असम और पांडिचेरी के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर हर्ष व्यक्त किया है।

# अशोक गुप्ता ने विद्या मंदिर में छात्रवृत्ति का वितरण किया



**धामपुर ( चिंगारी )।** ओम कृष्णा सामाजिक सहयोग फाउंडेशन के डायरेक्टर अशोक कुमार गुप्ता (सीनियर एडवोकेट इनकमटैक्स) ने विद्या मंदिर में 2025-26 की छात्रवृत्ति की तीसरी किस्त छात्रों को वितरित की। जैसा कि विदित है कि अशोक कुमार गुप्ता गरीब एवं मेधावी छात्रों को पढ़ाई में सहयोग करने के लिए 500 रुपए मासिक छात्रवृत्ति, पुस्तकें एवं ड्रेस लगभग 20 छात्र- छात्राओं को प्रतिवर्ष प्रदान करते हैं। इस वर्ष भी सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर, शिशु मंदिर धामपुर एवं शिशु व विद्या मंदिर नहटौर के 19 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित की। इस अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेंद्र एवं पूर्व उपप्रधानाचार्य राधाकृष्ण कटियार, शिशु मंदिर के आचार्य भूपेंद्र उपस्थित रहे।

# दिल्ली से चल कर आखिर कोलकाता तक पहुंच ही गया 'कमल' : गजेन्द्र सिंह एड.

**धामपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्रसिंह एड ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद इतिहास के पृष्ठों के हवाले से बताया कि 169 वर्ष पहले जो कमल दिल्ली से चला था, वह आज कोलकाता तक पहुंच गया है। उन्होंने ऐतिहासिक तथ्यों के पुनर्विलोकन करने के पश्चात स्पष्ट किया कि सन 1857 ईस्वी में दिल्ली के अंतिम मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर के नेतृत्व में ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध भारत की स्वतंत्रता के लिए गदर (प्रथम स्वतंत्रता संग्राम) की शुरुआत हुई थी और बादशाह बहादुर शाह जफर के शाही ध्वज की अगुवाई में आजादी हासिल करने के लिए आंदोलन शुरू हुआ था तब उस शाही झंडे के एक तरफ कमल का फूल अंकित किया गया था और दूसरी तरफ सिकी हुई रोटी बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि सन 1857 में स्वतंत्रता हासिल करने के लिए दिल्ली में लहराये गये उस झंडे पर अंकित किए गए कमल के फूल को दिल्ली से कोलकाता तक का सफर तय करने में कुल 169 साल का लंबा वक्त जरूर लगा है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व ने अपना हौसला बनाए रखा। उन्होंने भाजपा के नेताओं की मेहनत और पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को बंगाल में कमल खिलाने के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।

# रेड फोर्ट स्कूल में हुआ छात्र परिषद का चुनाव

## बिजेन्द्र सिंह हेडबॉय, अवनी हेड गर्ल निर्वाचित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रेड फोर्ट इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद चुनाव सत्र 2026-27 सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में कक्षा 6 से 12 तक के 387 विद्यार्थियों में से 313 विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही, 59 में से 50 शिक्षकों,स्टाफ सदस्यों ने भी मतदान कर अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।

चुनाव सम्पन्न होने के उपरांत परिणामों की औपचारिक घोषणा की गई। जिसमें हेड बॉय विजेंद्र बिष्ट, कक्षा 12, हेड गर्ल अवनी बर्थवाल, कक्षा 12, वाइस हेड बॉय लकी, कक्षा 11, वाइस हेड गर्ल अन्वी, कक्षा 11, चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया चुनाव अधिकारी अमित गांधी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. शूरवीर सिंह बिष्ट ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के चुनाव विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती तरंग बेली ने अपने संदेश में कहा कि छात्र परिषद चुनाव विद्यार्थियों को निर्णय लेने की क्षमता, अनुशासन एवं टीम वर्क की भावना सिखाने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान चुनाव समिति के सदस्य मनोज रावत, कीर्तन भट्ट, अशोक सिंह मेहता, सूरज सिंह चौहान, मनोज सिंह बिष्ट, उप-प्रधानाचार्य देवेंद्र बिष्ट, समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने सभी निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बंगाल में भाजपा की जीत पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया

## आतिशबाजी की, नृत्य किया, लोगों का मुंह मीठा कराया


भगत सिंह चौक पर मिठाई बांटते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

**धामपुर ( चिंगारी )।** देश की आजादी के बाद पश्चिम बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा चुनाव में हुई प्रचंड जीत की खुशी में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर के हृदय स्थल भगत सिंह चौक पर जश्न मनाया। मिठाई बांटी और आतिशबाजी छोड़कर ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के अपार जन समर्थन से जो सरकार चुनी गई है] वह ऐतिहासिक है।

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र धनौरिया ने कहा कि भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मस्थली कोलकाता, मां काली की पावनस्थली, रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद की भूमि पर कमल खिलने से धन्य हो गई है ।

उन्होंने कहा कि 1951 में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की थी आज 2026 में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में कमल खिलाकर उनके सपनों को साकार करने का कार्य किया है ।

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव सिसौदिया, युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, पूर्व भाजपा विधायक डॉक्टर इंद्रदेव सिंह, डॉक्टर एनपी सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, उपाध्यक्ष सरदार सतमीत सिंह मनी, नागेश्वर दयाल गहलौत, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल, नामित सभासद नमीता अग्रवाल, डॉक्टर दीप सौरभ सिंह पार्थ, ललित गर्ग, मुदित बंसल शेखर अग्रवाल आदि ने भी विचार व्यक्त किये और मिठाई बाटकर खुशी मनाई।

# पीछा करके पकड़ा और ट्रेन के आगे धक्का दे दिया

## बहन से कोर्ट मैरिज करने से आहत भाइयों ने गुलशन की हत्या कराई

**स्योहारा (चिंगारी)। गत बृहस्पतिवार को गुलशन की मौत के मामले में पिता की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बहन से कोर्ट मैरिज करने को लेकर भाइयों ने दोस्तों से योजना के तहत गुलशन की हत्या कराई थी।**

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि कार्यवाई के दौरान पुष्पेंद्र, रजनीश का नाम सामने आया था। इसके बाद दोनों को हिरासत में लिया गया। अतर सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसकी बहन का गुलशन के साथ 4 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों द्वारा कई बार समझाने के बाद भी दोनों संबंध समाप्त करने को तैयार नहीं हुए और दोनों ने सहमति से कुछ दिन पूर्व कोर्ट मैरिज कर लेने की जानकारी से परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस लगी थी। अतर सिंह और उसके भाई पंकज ने गांव के ही पुष्पेंद्र, रजनीश व अन्यों के साथ मिलकर पूर्ण नियोजित रूप से गुलशन को जान से मारने की योजना बनाई थी। 30 अप्रैल की रात्रि गुलशन के गांव आने पर सभी ने उसका पीछा कर उसको पकड़ लिया और उसकी मोटरसाइकिल को महमूदपुर रेलवे लाइन के पास ले गये। वहां पूर्ण



स्योहारा पुलिस की गिरफ्तार में आरोपी

नियोजित योजना के तहत घटना को दुर्घटना का रुप देने के उद्देश्य से ट्रेन आने पर उसे ट्रेन की ओर धक्का दे दिया गया, जिससे ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हो गई। घटना के पश्चात सभी अभियुक्त मौके से फरार हो गये। पुलिस ने अतर सिंह पुत्र आनंद, पुष्पेंद्र पुत्र गेंदा रजनीश पुत्र चमन निवासी ग्राम रहटोली को गिरफ्तार है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह, एसआई असकर खान, चौकी इंचार्ज यशदेव शर्मा, एसआई प्रमोद कुमार शर्मा, अवधेश कुमार, प्रभात शर्मा, लोकेंद्र, नितेश कुमार, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।

### परिजनों का शक हकीकत में बदला

गुलशन की हत्या हुई। परिजनों का यह शक हकीकत में बदला और गलत साबित हुआ। भीम आर्मी द्वारा परिजनों का समर्थन जनता के बीच लोकप्रियता बढ़ा रहा है। परिजनों ने बताया कि गुलशन के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए वह मुकदमे की पैरवी करेंगे और अपने बेटे को इंसाफ दिलाएंगे।

### भीम आर्मी ने की एसपी से मुलाकात

**पुलिस ने भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सहित 15 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया, जिस पर भीम आर्मी के पदाधिकारी एसपी से मिले और अपनी बात कही। एसपी ने अश्वासन दिया कि जांच कराई जाएगी जो सही होगा वह किया जाएगा।**

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर भ्रांतियां दूर करने के निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने और इसके लाभों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिये गये हैं। नोडल अधिकारी योगेश कुमार, आईएएस, आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता, उत्तर प्रदेश द्वारा विभागीय समीक्षा के दौरान इस संबंध में विशेष जोर दिया गया।

अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल, बिजनौर ने जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट मीटर में विद्युत मापन तकनीक में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें केवल स्वचालित बिलिंग और डेटा के एकीकरण की सुविधा जोड़ी गई है। स्मार्ट मीटर बिल्ट-इन संचार तकनीक के माध्यम से उपभोक्ताओं को रियल-टाइम में खपत और भुगतान की जानकारी उपलब्ध कराता है, साथ ही डेटा की गोपनीयता भी सुनिश्चित की जाती है।

उन्होंने बताया कि यह मीटर प्रीपेड मोड में मोबाइल फोन की तरह रिचार्ज किया जा सकता है। इसके अलावा भविष्य में सोलर पैनल लगवाने पर मीटर बदलने की



आवश्यकता नहीं होगी। यदि किसी उपभोक्ता को मीटर तेज चलने की शिकायत हो, तो आवेदन के बाद चेक मीटर लगाकर समस्या का समाधान किया जाएगा।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर के तहत उपभोक्ता UPPCL SMART APP डाउनलोड कर अपने बिजली बिल का पूरा विवरण देख सकते हैं। ऐप के माध्यम से दैनिक और प्रति घंटे की खपत पर नजर रखी जा सकती है, जिससे बिलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सटीक होगी। साथ ही उपभोक्ताओं को नियमित अलर्ट भी मिलते रहेंगे, जिससे समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा। विभाग के अनुसार, पूर्व में जमा सिक्योरिटी धनराशि को उपभोक्ता के बकाये में समायोजित या प्रीपेड बैलेंस में क्रेडिट कर दिया जाएगा। प्रीपेड भुगतान पर निर्धारित दरों में 2 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी।

### 1912 पर करें कॉल

**ऑटोमैटिक री-कनेक्ट सुविधा के तहत बिजली कटने के बाद रिचार्ज करने पर सामान्यत: दो घंटे के भीतर आपूर्ति बहाल हो जाती है। यदि ऐसा नहीं होता है, तो उपभोक्ता 1912 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा ग्रेस पीरियड (30 दिन), इमरजेंसी क्रेडिट (3 दिन) तथा सार्वजनिक अवकाश और हैप्पी आवर्स (शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक) के दौरान बिजली आपूर्ति नहीं काटी जाएगी। अधीक्षण अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग प्रणाली को अपनाएं, समय पर रिचार्ज करें और PPCL SMART APP का उपयोग कर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाएं।**

# साक्षी ने कुश्ती में गोल्ड मेडल जीता



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा में कक्षा 10 सी की छात्रा कु. साक्षी ने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता (फ्री स्टाइल ग्रीको रोमन) में सर्वोत्तम प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रधानाचार्य योगेशपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्रपति संभाजी नगर महाराष्ट्र में 28 से 30 अप्रैल तक चली प्रतियोगिता में 17 वर्ष से कम 57 किलो वर्ग में कुं साक्षी ने यह गौरव हासिल किया। उन्होंने प्रतिभाशाली छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# ड्राइवर ने गाड़ी में लदा माल रास्ते में बेच दिया, मालिक ने मुक़दमा किया

**नूरपुर (चिंगारी)।** हरियाणा मेवात के गांव गवारका तावड़ु तोरू निवासी तैयब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने गत 24 अप्रैल को गाड़ी में लकड़ी का माल लोड कराया था, जिसे लेकर चालक पवन कुमार पुत्र प्रीतम हरियाणा मेवात से चला था। मालिक का आरोप है कि चालक पवन ने सोमपाल चौधरी व अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर धोखाधड़ी करते हुए उक्त लकड़ी के माल को रास्ते में ही बेच दिया। जब उसे माल बेचने की जानकारी हुई तो उसने नूरपुर पहुंचकर उक्त गाड़ी को दौलतपुर चौकी के पास पकड़ लिया तथा उसने चालक से उक्त माल के बारे में पूछताछ की तो चालक ने उसके साथ गाली-गलौच की तथा माल के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी चालक पवन कुमार व सोमपाल चौधरी को नामज़द करते हुए एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# गौतम खट्टर के विरुद्ध दर्ज मुक़दमा वापस लेने की मांग

## आर्य प्रतिनिधि सभा ने दिया ज्ञापन




**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर के नेतृत्व में सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर के विरुद्ध गोवा पुलिस द्वारा द्वेष भावना पूर्ण दर्ज मुकदमे को वापस लेने के लिए भारत की महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी जसजीत कौर को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि गौतम खट्टर की गिरफ्तारी संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि श्री खट्टर पर दर्ज मुकदमे को समाप्त किया जाए। ज्ञापन देने से पूर्व आर्य समाज बिजनौर के सभागार में एक बैठक जिला प्रधान कावेंद्र सिंह आर्य की अध्यक्षता एवं मंत्री शुभेंद्र आर्य के संचालन में आयोजित की गई, जिसमें आर्य समाज के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने आर्यवीर दल को संरक्षण देकर आगे बढ़ाने पर जोर दिया। युवा गुणपाल आर्य ने कहा कि वेदों का प्रचार-प्रसार जनता के बीच पहुंचकर जागरूक करने से होगा। इस अवसर पर ओमप्रकाश आर्य नगीना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, उपाध्यक्ष ब्रह्मपाल सिंह, पूर्व प्रधान रविंद्रपाल सिंह, जयप्रकाश मुनी, ओमप्रकाश सिंह, धूम सिंह, संदीप आर्य, आलोक भारद्वाज, विजेंद्र सिंह आर्य, देव आर्य, प्रवीण सिंह आर्य, राजेश आर्य, योगेश कुमार, ग्राम प्रधान सोमदेव सिंह, छोटे सिंह एवं अन्य आर्य बंधु उपस्थित रहे।

# पश्चिम बंगाल में ढहा ममता का किला, तमिलनाडु में भारी उलटफेर, केरल में यूडीएफ को दो तिहाई बहुमत मिला

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने वाले पांच विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए ममता बनर्जी का किला ढहा दिया है, वहीं उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने असम और पुडुचेरी में बड़े बहुमत के साथ अपनी सत्ता बरकरार रखी है।

तमिलनाडु में अभिनय जगत से राजनीति में आये जोसेफ विजय चंद्रशेखर की पार्टी तमिलागा वेट्री कषगम (टीवीके) भारी उलट फेर करते हुए सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है। वहां किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है।

केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) ने वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) के एक दशक के शासन को समाप्त करते हुए दो तिहाई बहुमत हासिल किया है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा की चुनावी आंधी में 15 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहीं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख सुश्री ममता बनर्जी को भी भारी पराजय का सामना करना पड़ा है। साथ ही उनके कई मंत्री भी चुनाव हार गये हैं। सुश्री बनर्जी को भवानीपुर सीट से भाजपा नेता सुवेन्दु अधिकारी ने 15,000 से अधिक मतों से हराया। श्री अधिकारी नंदीग्राम सीट से भी विजयी हुए हैं।

तमिलनाडु में भी मुख्यमंत्री और द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन को हार का मुंह देखना पड़ा है, उन्हें टीवीके के उम्मीदवार ने हराया।

असम में कांग्रेस के प्रमुख नेता एवं सांसद तरूण गोगोई को भी हार का सामना करना पड़ा है।

केरल में मुख्यमंत्री पी विजयन चुनाव जीत गये हैं, लेकिन उनके कई मंत्रियों को हार का मुंह देखना पड़ा है।

## असम और पुडुचेरी में राजग की सत्ता बरकरार

### मोदी बोले- आज से बंगाल भयमुक्त हुआ, विकास के भरोसे से युक्त हुआ



असम में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शानदार जीत दर्ज करते हुए भाजपा नीत गठबंधन की सत्ता को लगातार तीसरी बार बरकरार रखा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत को राज्य की जनता की दशकों की प्रतीक्षा की पूर्ति बताते हुए कहा है- आज से बंगाल भय से मुक्त हुआ, राज्य अब विकास की राह पर आ गया है। उन्होंने जीत को देश भक्ति के गीत वंदे मातरम् के रचयिता ऋषि कवि बंकिमचंद चटोपाध्याय को समर्पित करते हुए कहा कि आज जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों के पूरा होने का दिन है।

उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। पश्चिम बंगाल में 294 में से 293 के नतीजे आये हैं। भाजपा ने दो तिहायी से अधिक बहुत के साथ 206 सीटों पर जीत दर्ज की है।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस 81 सीट पर सिमट गयी है।

कांग्रेस और आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) ने दो-दो और मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने एक सीट जीती है।

कांग्रेस तथा मकपा का पिछले चुनाव में खाता भी नहीं खुला था।

फाल्टा विधानसभा पर 21 मई को दोबारा चुनाव कराया जायेगा। वर्ष 2021 के चुनावों में तृणमूल ने 213 तथा भाजपा ने 77 सीटें जीती थीं। तमिलनाडु में अभिनेता विजय के करिश्मे के दम पर टीवीके स्पष्ट रूप से सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। उसे 234 में 107 सीटें मिली हैं। सत्तारूढ़ द्रमुक दूसरे स्थान पर है और उसे 60 सीटें मिली हैं। अन्नाद्रमुक 47 सीट जीतकर तीसरे स्थान पर है। कांग्रेस को पांच सीटें और पीएमके को चार सीटें मिली हैं। पिछले चुनाव में द्रमुक गठबंधन को 158, जबकि अन्नाद्रमुक गठबंधन को 69 सीटें मिली थीं।

केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 102 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत हासिल कर दस साल बाद सत्ता में जबरदस्त वापसी की है। राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तीन सीटें जीतकर पहली बार खाता खोलने में सफल रही है। कांग्रेस को 63 और उसके सहयोगी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को 22, मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी को 26, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को 08 और केईसी को 7 सीटें मिली हैं। पिछली चुनाव में एलडीएफ को 94 और यूडीएफ को 42 सीट मिली थीं।

असम और पुडुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने अपनी सत्ता बरकरार रखी है। असम विधानसभा भाजपा को 82, उसके सहयोगी बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट तथा असम गणपरिषद को 10-10 सीटें मिली हैं। कांग्रेस सीर्फ 19 सीटों पर सिमट गयी है। एआईयूडीएफ को दो सीटें हासिल हुई हैं।

पिछले चुनावों में राजग को 74, कांग्रेस गठबंधन को 28 तथा एआईयूडीएफ को 15 सीटें मिली थीं। पुडुचेरी सत्तारूढ़ राजग गठबंधन को 30 में से 18 सीटों पर सफलता मिली है।



## भाजपा मुख्यालय में 'बंगाली बाबू' बनकर पहुंचे मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** राष्ट्रीय राजधानी में स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जमकर जश्न मनाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बंगाली बाबू बनकर पार्टी कार्यकर्ताओं के जश्न में शरीक हुए। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत की खुशी पार्टी कार्यकर्ताओं के चेहरों पर साफ छलक रही थी। भाजपा कार्यकर्ता विशेष रूप से बंगाल में मिली जीत से काफी उत्साहित थे। पूरा भाजपा मुख्यालय बंगालमय हुआ नजर आया। पार्टी कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते और जय श्रीराम के नारे लगाते नजर आए। विधानसभा चुनाव की मतगणना शुरू होने और शुरुआती रुझानों में ही भाजपा को बढ़त मिलते देखकर यहां जश्न की तैयारियां शुरू हो गयी थीं। पार्टी दफ्तर में आने वाले कार्यकर्ताओं और मीडियाकर्मियों के लिए ललीज व्यंजन बनने लगे थे। यहां के दीन दयाल मार्ग पर स्थित भाजपा मुख्यालय में लगभग 400 से 500 लोगों के लिए भोजन बनाया था। नाश्ते में सैंडविच, आलू पूरी, पोहा, जलेबी के साथ फ्रेश फ्रूट्स, लस्सी, रबड़ी और पारंपरिक मिष्टी दोई परोसा गया।

## सात उपचुनाव सीटों में से चार पर भाजपा का कब्जा, सुनेत्रा पवार ने रिकॉर्ड जीत दर्ज की



**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पांच राज्यों में सात सीटों पर हुए उपचुनावों की सोमवार को हुई मतगणना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चार सीटों पर और उसके सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकंपा) को एक सीट पर जीत मिली है, जबकि दो सीटों का उपचुनाव कांग्रेस के पक्ष गया है। इन उपचुनावों में सबसे अधिक चर्चित सीट महाराष्ट्र के बारामती पर राज्य की उपमुख्यमंत्री और राकंपा उम्मीदवार श्रीमती सुनेत्रा पवार ने एकतरफा जीत दर्ज की है। श्रीमती पवार ने दो लाख, 18 हजार, 969 मत प्राप्त किये और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वि न्यू राष्ट्रीय समाज पार्टी के आर.वाई घुटुकड़े को दो लाख 18 हजार, 34 मतों से पराजित कर दिया। श्री घुटुकड़े को मात्र 985 मत प्राप्त हुए। श्रीमती पवार ने इस जीत के साथ ही अपने दिवंगत पति अजीत पवार के 2019 के जीत के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। उल्लेखनीय है कि श्रीमती पवार के विरुद्ध खड़े हुए 22 उम्मीदवारों को कुल मिलाकर नोटा से भी कम मत प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि यह सीट 28 जनवरी को दुखद विमान हादसे में श्री पवार की मृत्यु के बाद खाली हो गयी थी।

# 'डेमोक्रेजी' के बूते छठवीं बार फिल्म स्टार

## द्रमुक-अन्नाद्रमुक समेत 35 पार्टियों को शिकस्त



तमिलनाडु को छठवीं बार फिल्मी दुनिया से ताल्लुक रखने वाला सीएम मिलने जा रहा है। विजय की जीत डेमोक्रेजी यानी लोकतंत्र में दीवानगी की हदें पार कर देने की मिसाल है। फैन्स के वोट में बदल जाने का संयोग भी है और प्रयोग भी। पहला सवाल यह कि विजय की लार्जर दैन लाइफ जीत का अंदाजा राजनीति के धुरंधरों से लेकर तमाम चुनावी सर्वेक्षण क्यों नहीं लगा पाए? एक्सिस इंडिया को छोड़ दें, तो सभी ने डीएमके की जीत का अनुमान लगाया था। क्या हर वोट को फॉर्मूलों में गूंथने का दम भरने वाली कौम किसी अद्भुत-ऑफबीट जीत के लिए तैयार ही नहीं थी या फिर दो बड़ी पार्टियों की द्रविड़ राजनीति की आदत के सामने हम विजय के लिए जुटने वाली बेहिसाब भीड़ को फानी समझ रहे थे। टीवीके ने अपने पहले चुनाव में राज्य फतह कर ये समझाया है कि एक बड़ा फिल्म स्टार एक बड़ा राजनेता बन सकता है। जो विजय को राजनीति के अनुभवों में कच्चा समझ रहे थे, उनके लिए यह एक केस स्टडी है। उनकी जीत एमजीआर से बड़ी जीत है, क्योंकि उन्होंने सिर्फ चुनाव नहीं जीता, सिर्फ डीएमके और अन्नाद्रमुक को नहीं, बल्कि 35 और पार्टियों को एकसाथ हराया है।

बात डीएमके के गठबंधन की है, जिसमें इतनी सारी पार्टियों को बिना सोचे समझे किसी ऑनलाइन शॉपिंग कार्ट की तरह जोड़ लिया गया, जिसे वोट कटवा समझा जा रहा था, वह राजनीति का ब्लॉकबस्टर निकला। यह परिणाम सिर्फ विजय की बड़ी जीत के लिए नहीं बल्कि एमके स्टालिन की बड़ी हार के लिए भी जाने जाएंगे। आठवीं पास वीएस बाबू से ग्रेजुएट स्टालिन वह सीट हार गए जिसके वह 2011 से सरताज थे। स्टालिन तमिलनाडु के तीसरे ऐसे सीएम बन गए हैं, जो अपनी सीट नहीं बचा सके। इससे पहले जयललिता हार गईं थीं। वैसे हारे सिर्फ सीएम नहीं, सरकार के ज्यादातर मंत्री हार गए। खुद को पीढ़ियों और परंपराओं के पहले दावेदार समझने वाले बड़े नाम भी सीट नहीं बचा पाए। एक और नई बात...तमिलनाडु में कई वर्षों बाद गठबंधन सरकार बनेगी। इससे पहले 2006 में कांग्रेस के बाहरी समर्थन से डीएमके ने सरकार बनाई थी। आखिर विजय जीत कैसे गए, यह बोल-बोलकर चौकने वालों को यह पता होना चाहिए कि दो साल पहले पार्टी बनाने के काफी पहले से वह सोशल वर्क कर रहे हैं। कई घरों के चूल्हों को इंधन, बेटियों की पढ़ाई और बहनों की शादी का खर्च उठा रहे थे। यही वजह है कि फिल्मों के मसीहा के वोट बैंक में सबसे बड़ी हिस्सेदारी युवाओं और महिलाओं की रही। तमिलनाडु की राजनीति ने यह साबित कर दिया है सियासत तर्क से नहीं चेहरों के बूते जीती जाती है।

### जनता के आगे नतमस्तक- स्टालिन

डीएमके अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि उनकी पार्टी जनता के फैसले के आगे नतमस्तक है। उसे स्वीकार करती है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने वाली उनकी पार्टी अब से मुख्य विपक्षी दल के रूप में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी।

# बंगाल में महिला अस्मिता के सामने फीकी पड़ी ममता की 'लक्ष्मी'

भारतीय राजनीति में यह धारणा पक्की होती जा रही थी कि महिलाओं के खातों में सीधा पैसा पहुंचाने वाली कैश स्कीम सत्ता विरोधी लहर के खिलाफ एक अचूक कवच है, लेकिन, बंगाल अपवाद बन गया। लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को 1500 रुपए हर महीने दिए जा रहे थे, लेकिन इसका टीएमसी को फायदा न मिला। 15 साल बाद बंगाल में ममता बनर्जी की सत्ता का अंत हो गया। 294 सीटों वाली विधानसभा के लिए चुनाव में टीएमसी सौ सीटों के आंकड़े को भी नहीं छू पाई। माना जा रहा था कि बंगाल के दो 'एम-फैक्टर' ममता को परास्त नहीं होने देंगे। जिनमें से एक रू यानी मुस्लिम वोटबैंक तो उनके साथ डटा रहा, लेकिन दूसरा वाला रू यानी महिला वोटबैंक दरक गया। दीदी से उस महिला वोटर ने किनारा किया, जिनको आगे करके वे अब तक सत्ता और विरोध दोनों की सियासत साधती आई थी। फिर ऐसा क्या हुआ कि महिलाओं को देश की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री से मोहभंग हो गया? ये वो वोटर था, जिसने पिछले चुनाव में पुरुषों की तुलना में ज्यादा वोट दिए थे। असम में हिमंत बिस्व सरमा और बीजेपी के लिए महिलाओं के लिए चलाई गई अरुणोदयी योजना ने खूब काम किया, लेकिन बंगाल में ममता बनर्जी की लक्ष्मीर भंडार योजना वोटिंग के लिहाज से कुछ खास नहीं कर पाई। ममता का उद्देश्य बंगाल की आधी आबादी को आर्थिक रूप से जोड़कर सत्ता की चाबी अपने पास रखना था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। क्योंकि, महिलाओं के लिए आर्थिक मदद से बड़ा उनकी अस्मिता का सवाल। केवल 1500 रुपए उस बुनियादी भरोसे कीमत नहीं हो सकते थे, जो एक महिला अपनी सरकार से सुरक्षा के रूप में चाहती है।




# केसरिया रंग में रंगा बंगाल

विधानसभा चुनाव की मतगणना के रुझानों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनेगी और इस जीत की खुशी यहां भाजपा कार्यकर्ताओं में दिख रही है। पूरा भाजपा मुख्यालय बंगालमय हो गया है। हर तरफ भाजपा कार्यकर्ता बंगाल में मिली ऐतिहासिक जीत की बातें करते दिखे। पार्टी मुख्यालय में बंगला गीत बजाए गये। विशेष रूप से चुनाव प्रचार के समय भाजपा द्वारा वोटरों को लुभाने के लिए बनाए गए गीत बजते रहे। बंगाल में मिली जीत की खुशी का इजहार करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहां झालमुरी के स्टाल लगा रखे थे। झालमुरी का स्टाल लगाने वाले कार्यकर्ताओं का कहना था कि पहली बार श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भूमि भगवा रंग में लगी है। पहली बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सुश्री ममता बनर्जी के शासन काल का अंत हो गया है। तृणमूल कांग्रेस का जंगलराज खत्म हो गया है। अब बंगाल में विकास होगा। इसको लेकर हम खुश हैं और इसी खुशी में लोगों को झालमुरी खिला रहे हैं।

## तृणमूल से बहुसंख्यक नाराज, मुस्लिम सीटों पर झटका, कांग्रेस-लेफ्ट ने किया खेला, ओवैसी बेअसर

दुर्गा पंडालों और जनसभाओं में मक्का-मदीना की प्रशंसा भरे गीत गाने सहित मुस्लिम मतों को साधने के लिए नई-नई जुगत भिड़ाने का तृणमूल का दांव सफल नहीं रहा। तृणमूल को जहां दूसरे इलाकों में हिंदू मतों के ध्रुवीकरण का झटका लगा, वहीं मुस्लिम मतों के बिखराव का भी दंश झेलना पड़ा। 30 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम हिस्सेदारी वाली 83 सीटें पर त्रिकोणीय मुकाबले में तृणमूल को अपनी 25 सीटें गंवानी पड़ीं। भाजपा ने इन इलाकों में 18 सीटें जीतीं। बंगाल में मुस्लिम मतदाताओं की कुल मतों में हिस्सेदारी करीब 28 फीसदी है। मुस्लिम मतदाता कई दशकों से 85 सीटों पर जीत-हार की पटकथा लिखते रहे थे। तृणमूल ने पिछली बार इनमें से 75 सीटें हासिल कर प्रचंड जीत दर्ज की थी। इस बार त्रिकोणीय मुकाबले से बाजी पलट गई। चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी कोई कमाल नहीं दिखा सकी। तृणमूल कांग्रेस, जिसके पास बीते चुनाव में 50 फीसदी से अधिक मुस्लिम वोटरों वाली 43 में से 42 सीटें थीं, उसकी संख्या घटकर 30 रह गई। वहीं, 30 फीसदी से अधिक वोटरों वाली 42 मुस्लिम सीटें, जिनमें तृणमूल के पास 33 सीटें थीं, इस बार घटकर 20 रह गई। मालदा, मुर्शिदाबार, उत्तर दिनाजपुर समेत कई क्षेत्रों की मुस्लिम बाहुल्य इन सीटों पर कहीं वाम दल, कहीं हुमायूं कबीर, कहीं एआईएसएफ तो कहीं कद्दावर निर्दलीय उम्मीदवारों ने मुकाबले को त्रिकोणात्मक या बहुकोणीय बना दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा 18 सीटें जीतने में कामयाब रही। हुमायूं कबीर दोनों सीटों पर जीते, मगर तीन अन्य सीटों पर तृणमूल की हार का कारण बने। कांग्रेस, निर्दलीय, एआईएसएफ ने तृणमूल को नुकसान पहुंचाया।

# बंगाल में बीजेपी की प्रचंड जीत का उत्तर प्रदेश के चुनाव पर क्या होगा असर?



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** बंगाल और असम में बीजेपी की यह प्रचंड जीत 2026 की राजनीति का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट है। 4 मई 2026 के ये नतीजे न केवल पूर्वी भारत का भूगोल बदल रहे हैं, बल्कि इनका सीधा असर उत्तर प्रदेश के सियासी समीकरणों पर पड़ना तय है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के अभेद्य दुर्ग को ढहाने के बाद भगवा खेमे में जो उत्साह है, उसकी गूंज अब लखनऊ के सियासी गलियारों तक भी सुनाई दे रही है?

पश्चिम बंगाल में बीजेपी की यह ऐतिहासिक जीत महज एक राज्य की जीत नहीं है, बल्कि यह 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए एक लॉन्चपैड तैयार कर दिया है। बीजेपी ने जिस तरह बंगाल में ममता बनर्जी को मात दी है, उससे अखिलेश यादव के चैलेंज से निपटने में नई ऊर्जा मिलेगी। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव ने 2024 के लोकसभा चुनाव में पीडीए फॉर्मूले से बीजेपी को तगड़ा झटका दिया था। बीजेपी ने दो साल में कमबैक किया है। ऐसे में बंगाल में ममता की हार विपक्ष के लिए बड़ा झटका है तो बीजेपी के लिए यूपी में बुस्टर डोज की तरह है, जो सपा-कांग्रेस के लिए किसी सियासी टेंशन से कम नहीं है?

**बंगाल में मिली सफलता के बाद योगी आदित्यनाथ अब 2027 के लिए और भी अधिक आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेंगे। बंगाल के नतीजों ने साबित कर दिया कि बीजेपी का हिंदुत्व कार्ड ने विपक्ष के सारे समीकरण को ध्वस्त कर दिया है। बीजेपी ने पश्चिम बंगाल में मुस्लिम बहुल सीटों पर सेंधमारी ने बंटेंगे तो कटेंगे वाले नैरेटिव को धार देने के लिए धार्मिक ध्रुवीकरण की बिसात बिछाई। इसका नतीजा था कि 30 फीसदी मुस्लिम बंगाल में होने के बाद भी बीजेपी जीतने में सफल रही है। बीजेपी अब सपा के सामाजिक न्याय के जवाब में सांस्कृतिक एकीकरण को और मजबूती से पेश करेगी।**

## धार्मिक ध्रुवीकरण के दांव से पीडीए को मात

बीजेपी उत्तर प्रदेश में 2014 के बाद से लेकर लगातार जीतती आ रही थी, लेकिन उसे 2024 में अखिलेश ने बड़ा झटका दिया था। ऐसे में बीजेपी के लिए सत्ता की हैट्रिक लगाना एक बड़ी चुनौती है, लेकिन पीएम मोदी की अगुवाई में जिस तरह पार्टी कमबैक कर रही है, उससे यूपी में भी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सियासी हौसला मिला है। बंगाल में बीजेपी ने जिस तरह घुसपैठ के मुद्दे को हिंदुत्व के साथ जोड़ा, वो सियासी संजीवनी बना। अब वही फॉर्मूला यूपी में 2027 के लिए ब्लूप्रिंट बनेगा।

# जैसे ही मतगणना का रूझान आया, भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

**चांदपुर (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल, आसाम व पुडुचेरी चेरी में पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने पर जगह-जगह आतिशबाजी कर व एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर जश्न मनाया।**

सोमवार को दोपहर बाद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता होली वाले कुंए पर इकट्ठा हुए तथा तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, आसाम व पुडुचेरी में पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए आतिशबाजी की तथा एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी, वरिष्ठ नेता अशोक कुमार नेताजी, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, अवनीश त्यागी, राजेन्द्र त्यागी, सौरभ राणा,आदित्य बंसल, पुखराज सैनी, आदि मौजूद रहे।सातो इमली पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री विवेक कर्णवाल ने तीन राज्यों में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे मंडी कोटला में बाबूराम जोशी के प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं ने तीन राज्यों में भाजपा को मिली जीत पर खुशी जताते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर मोहित अग्रवाल, जितेन्द्र शर्मा, विवेक भाटिया, जगदीश गिरि, मयंक सिंघल, सुरेन्द्र बजाज, पंकज मित्तल आदि मौजूद रहे। उधर, यहां डिग्री कालेज के पास पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी के आवास पर भी तीन राज्यों में भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनने पर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रहीं। मुहल्ला गौकुल नगर बिजनौर रोड पर भी भाजपा को तीन राज्यों में मिली भारी सफलता पर एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर आशू गोयल,मानव भारद्वाज, सतीश शर्मा,वासू गोयल, गौरव चौधरी, राजकमल,निमित सिंघल, रनवीर आदि मौजूद रहे।



# प्रधानों को प्रशासक बनाने की मांग

**नहटौर (चिंगारी)। प्रधान संगठन ने समय पर चुनाव न होंने पर नाराजगी जताई।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन मलिक ने की। वक्ताओ ने कहा कि ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बनाया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर पर संगठन के प्रतिनिधियों ने लखनऊ में उपमुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों से मुलाकात कर अपनी मांग रखी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो 7 मई को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। इस दौरान संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।**

# ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक टकराई, एक युवक ने जान गंवाई

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर-ट्राली से टकराने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उस पर सवार अन्य दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सोमवार को क्षेत्र के ग्राम मोहम्मद अलीपुर चौहड़ (बिरला फार्म) निवासी रामकेश की पुत्री की बारात सोमवार को आनी थी। जिसमें शामिल होने के लिए तीनों युवक एक ही बाइक पर आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम मोहम्मद अलीपुर चौहड़ के समीप उनकी बाइक आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली में जा टकराई। जिससे बाइक पर सवार विशाल पुत्र राजवीर सिंह (28) निवासी बाजपुर (उत्तराखंड) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सचिन पुत्र गजराम सिंह (25) निवासी डिडीहाल्ट बाजार और अजय पुत्र भगवानदास (28) निवासी समोदिया थाना बाजपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ भर्ती कराया, जहां दोनों की हालत चिंताजनक देख उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



**हेलमेट नहीं पहन रखा था:- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की तेज रफ्तार और तीनों व्यक्तियों में से किसी का भी हेलमेट नहीं पहनना युवक की मृत्यु का मुख्य कारण रहा।**

# ट्यूबवैल से चुराया मोटर व तार, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**किरतपुर (चिंगारी)।** पुलिस ने क्षेत्र में हो रही मोटर व तार चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया केबिल, औजार तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद होने का दावा किया है। स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 10 अप्रैल 2026 को ग्राम भोजपुर खेड़ी निवासी बृजेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर खेत से कुएं की मोटर व तार चोरी होने की सूचना दी थी। साथ ही पड़ोसी किसानों के ट्यूबवैल से भी तार, स्टार्टर व मोटर चोरी होने की बात सामने आई थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। इसी क्रम में 3 मई 2026 को ग्राम बुड़गरा निवासी वसीम ने भी सोलर प्लेटों में लगे तांबे के तार चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। दोनों घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी।जांच के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त रोहित कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम अकबरपुर अंगाखेड़ी थाना मंडावर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 4.175 किलोग्राम जला हुआ केबिल, विभिन्न लंबाई के तारों के टुकड़े, एक प्लास, पेचकस, लोहे की ब्लेडनुमा पट्टी तथा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में वृद्धि करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास बताया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आशीष पुनिया, हेड कांस्टेबल अमित और कांस्टेबल अरविंद शामिल रहे। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।



# प्रसिद्ध गुदा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधांशु चौधरी 7 मई को बिजनौर में

## 8 मई को बास्टा में

**बिजनौर (चिंगारी)।** यदि आप बवासीर, भगंदर, फिशर गुदा, फोड़ा व अन्य कोलोरेक्टल समस्याओं से पीड़ित हैं तो आपके लिये राहत की खबर है कि उक्त गुदा रोगों का उचित व स्थायी इलाज गुड़गांव व नोएडा जैसे महानगरों में बड़ा व भरोसेमंद नाम गुदा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधांशु चौधरी **MS (Anorectal Surgeon)** हफ्ते में दो बार जनपद बिजनौर में अपनी सेवायें दे रहे हैं। माह के प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में बैराज रोड स्थित सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर पर तथा प्रत्येक शुक्रवार को बास्टा (चांदपुर) में बस स्टैंड चौराहे के पास स्थित श्री साईं हॉस्पिटल में बैठकर नई तकनीक से गुदा रोगों का त्वरित व स्थायी इलाक कर रहे हैं।



डॉ. सुधांशु के अनुसार आधुनिक तकनीक व विशेषज्ञ द्वारा के गुदा रोगों में राहत अब संभव है, शर्त है कि रोगी अपने रोग को छिपाये नहीं और न ही नीम हकीमों के फेर में पड़े। यदि रोगी प्रारंभिक चरण में उनके पास आ जाता है तो उसे स्वस्थ करने में मात्र 10 दिन का ही समय लगता है।

असहनीय पीड़ा, जलन बेचैनी के साथ जीना आसान नहीं है अत्याधिक रक्त हानि के साथ समय पर समुचित इलाज न कराने व लापरवाही पर अनेक बार गुदा रोग कैंसर जैसी घटक बीमारी का रूप लेता है।

### कैसे करें गुदा रोगों से बचाव?

बचाव के संबंध में डॉ. सुधांशु का कहना है कि सभी रोगों के मूल में पेट की बड़ी भूमिका होती है, अत: ध्यान रखें कि कब्ज की शिकायत नहीं होनी चाहिए।



शौच में न ज्यादा समय और न ज्यादा जोर लगाना चाहिए। कुछ लोग टॉयलेट में मोबाइल लेकर बैठ जाते हैं और ज्यादा समय शौच में बिताते हैं, यह बिल्कुल भी ठीक नहीं है। सुरक्षित और स्मूथ रिकवरी सही देखभाल से ही संभव है, अत: संक्रमण से बचने के लिये सफाई पर विशेष ध्यान दें। इंग्लिश पॉट का प्रयोग करने वालों को और ज्यादा ध्यान रखने की आवश्यकता है। नियमित व्यायाम, हल्का शीघ्र बचने वाला आहार, पानी का ज्यादा सेवन, तनाव रहित जीवन शैली, अधिक फाइबर वाला भोजन, ज्यादा टाइज कपड़े न पहनकर व ज्यादा देर तक एक ही स्थान पर बैठकर काम न करना आदि से गुदा रोगों से बचा जा सकता है।

### निराश होने की आवश्यकता नहीं

खराब गति हीन जीवन शैली ज्यादा तला भूना मसालेदार भोजन लेना बार-बार भारी सामान उठाना, मोटापे आदि से आंतों के कमजोर पड़ जाने के परिणाम स्वरूप मनुष्य उक्त गुदा रोगों से घिर जाता है, लेकिन इसमें निराश होने की जरूरत नहीं है, डॉ. सुधांशु चौधरी के यहां उपलब्ध नयी तकनीक से बिना चीर-फाड़, बिना आप्रेशन के बिना भर्ती किये दर्द रहित शीघ्र रिकवरी संभव है। इस नयी तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता यह भी है कि दोबारा यह रोग कभी नहीं होते। गाइडेंस के लिये आप मो. 7302127966, 9411226422 व 9871884104 पर संपर्क कर सकते हैं।

# भाजपाइयों ने मनाया जीत का उत्सव




**नूरपुर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल,असम व पांडुचेरी के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से भाजपा की विजय होने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर चौक पर एकत्र होकर आतिशबाजी कर विजय उत्सव मनाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में उनकी सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों पर देशवासियों का अटूट विश्वास है, जो आज विधानसभा चुनाव के ऐतिहासिक परिणामों के रूप में पुनः परिलक्षित हुआ है। पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनना इसी अगाध विश्वास का सुफल है। इस अवसर पर जिला सहकारी संघ के चेयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत, मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, महामन्त्री वीरप्रकाश सिंह भुइयार, सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार राणा, प्रेमपाल रवि, प्रमोहन चौहान, गुरविंदर सिंह, गजेंद्र सैनी, जीतू भुइयार, मंडल मंत्री राहुल यादव, सतीश कुमार, सुरेंद्र पाल, राजेश चौहान, सरोता सिसौदिया, भाजपा नेता जुगनु चौधरी, ईशमपाल चौधरी, कमलेश प्रजापति, सभासद मुकेश भुइयार, प्रभारी बिजेंद्र सिंह भुईयार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक राजपूत, धर्मेंद्र जोशी, कमलेश प्रजापति, सभासद रेनू चौहान, राजीव जोशी, रामोतार चौधरी, शीला राणा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारती दम्पति को भावपूर्ण विदाई दी



**बिजनौर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रांतीय सचिव श्री ओम सहाय भटनागर की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के वरिष्ठ सदस्य एवं श्री नोबत राय शिव चित्रगुप्त मंदिर मोहल्ला चाहशीरीं के संरक्षक अशोक भारती एवं उनकी पत्नी श्रीमती शोभा भारती के परिवार को बिजनौर शहर से पूना स्थायी रूप से अपने बेटों अंकित और अर्पित के पास शिफ्ट होने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिजनौर द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में भारती दम्पति मंदिर की देखभाल हेतु अनुरोध किया, जिस पर प्रदीप किशोर भटनागर ने मयंक एवं रंगोली भटनागर के साथ सारी जिम्मेदारी निभाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में ओम सहाय भटनागर ने भी अशोक भारती को आश्वस्त किया कि मंदिर की देख रेख अच्छी प्रकार होगी। ओम सहाय भटनागर एवं उनकी पत्नी श्रीमती मीनाक्षी ने श्री एवं श्रीमती भारती को कायस्थ महासभा की ओर से माला पहनाकर कर प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुरेंद्र प्रकाश भटनागर (जिला अध्यक्ष), श्रीमती आदेश जौहरी (महिला ज़िला अध्यक्ष), श्री प्रदीप किशोर भटनागर, मयंक भटनागर, रंगोली भटनागर, बिरज़ बिहारी सक्सेना, श्रीमती प्रतिभा सक्सेना, रचित भटनागर, अंजलि भटनागर, प्रीति भटनागर, महिमा भटनागर, राजेंद्र प्रकाश भटनागर, श्रीमती रानी भटनागर, रितेश भटनागर, संजीव भटनागर एवं विनीता भटनागर आदि उपस्थित रहे।

# हनी फ़ैसल का भव्य स्वागत किया

**शेरकोट (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल का प्रथम बार शेरकोट आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व चेयरमैन शेख कमरूल इस्लाम के नेतृत्व में फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। सोमवार की दोपहर जिलाध्यक्ष हनी फैसल मुहल्ला नौधना स्थित शेख कमरूल इस्लाम के आवास पर पहुंचे, जहां उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उनका भव्य स्वागत करते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी। स्वागत करने वालों में शेख नजरूल इस्लाम, जिया अहमद सेटू, बरकत अब्बासी, अदनान राईन, इमरान नवाज,मौ. सुऐब, तसलीम अहमद, शाकिर अंसारी, शुऐब नबील, अहमद खिजर खान, सुहैल बाकर, फहीम कुरैशी, हाजी नसीम, मौ. अशरफ, मुकीम अहमद, तसलीम अहमद आदि शामिल रहे।



# आया आंधी-तूफान, बिजली गिरने से हुआ भारी नुकसान

**नीन्दडू (चिंगारी)।** रविवार की रात में आए आंधी-तूफान व आसमानी बिजली की तेज़ तड़तड़ाहट से लोगों में दहशत फैल गई। इसी बीच ग्राम नीन्दडू खास के एक मौहल्ले में गिरी बिजली ने घरों के अन्दर तक रखे उपकरणों को अपनी ज़द में ले लिया, जिससे कई घरों के बिजली उपकरण, बैट्रे क्षतिग्रस्त हो गये, परन्तु गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। तीव्र गति वाले आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई तथा आसमानी बिजली की दिल दहला देने वाली तड़तड़ाहट से लोग उठ बैठे। ग्राम नीन्दडू खास के मौहल्ला सादात में आसमानी बिजली गिरी और हजारों की हानि पहुंची। सादात मौहल्ला निवासी बदर पुत्र क़मर के घर में लगा कपड़े का पर्दा भी जल गया तथा बिजली वायर, स्टार्टर, इन्वर्टर, बैट्रा, बल्ब, पंखा फुंक गए। दूसरे नसीम पुत्र शौकत का चार्जर, बैट्रा, बल्ब, पंखा फुंक गया। आबाद पुत्र रशीद का भी चार्जर, बैट्रा व बल्ब, पंखे, शमीम पुत्र शौकत तथा मिस्बाउल हसन पुत्र नफीस के भी बिजली उपकरण ज़द में आए। जिस कारण कई लोगों को बड़ी हानि हुई, परन्तु कोई बंदा इस हादसे की ज़द में नहीं आया, लोग ऊपर वाले का शुक्र मान रहे हैं।

# झालू में चिंकी गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया खुशी का इजहार

**झालू (चिंगारी)।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत की खुशी में भाजपा झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा समर्थकों ने खुशी जताते हुए मिठाई वितरित कर आतिशबाजी की। सोमवार शाम भाजपा झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता व भाजपा समर्थक पुरानी घास मंडी मैदान में एकत्रित हुए, जहां पश्चिम बंगाल में भाजपा की धमाकेदार जीत पर 'जय श्रीराम' के जयघोष लगाए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत लोकतंत्र की जीत है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर शुभम अग्रवाल, नितिन शर्मा, पंकज अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मधुर, पीयूष, राजीव अग्रवाल, सोमप्रकाश अग्रवाल, सुशील आदि मौजूद रहे।



# रोडवेज की मिनी बसें चलाने की मांग

## भाजपा युवा मोर्चा नेता चानू ने दिया ज्ञापन



**हल्दौर (चिंगारी)।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपक चौहान चानू ने भाजपा नेताओं के साथ उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बिजनौर को एक ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के अंतर्गत हल्दौर से चांदपुर मार्ग व हल्दौर से गंज मार्ग पर रोडवेज की मिनी बस चलाने की मांग की।

ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के चंहुमुखी के विकास संबंधी प्रदेश के गांवों को बस सेवा सुविधा से जोड़ने का संकल्प लिया है। उसी के तहत हल्दौर से चांदपुर टू लेन मार्ग पर बड़ी आबादी वाले मुख्य गांव अम्हेड़ा, प्रेम नगर, सल्लाहपुर, जलालपुर हंसना, अखलासपुर, मोहनपुर, गांगू नंगला, सिसौना, पिलाना, कुलचाना सहित कई दर्जन गांव आते हैं। इस मार्ग पर रोडवेज बसों का संचालन न होने से उक्त गांवों के ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों को यातायात संबंधी असुविधा का सामना करना पड़ता है, इसलिए इस मार्ग पर रोडवेज बसों का संचालन होना अतिआवश्यक है। जिसके लिए गजरौला से चांदपुर वाया हल्दौर, नहटौर, कोतवाली, नजीबाबाद तक व धामपुर से वाया नहटौर, हल्दौर, चांदपुर और गजरौला तक आने-जाने के लिए रोडवेज की बसों का संचालन परिवहन निगम द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के अंतर्गत कराया जाए। इसके अलावा हल्दौर से गंज मार्ग पर भी बड़ी आबादी वाले गांव अतापुर, खतापुर, बाटपुरा, ननुपुरा, कड़ापुर, खेड़ा व फतेहपुर कलां आदि स्थित हैं। यह मार्ग ऐतिहासिक धर्मस्थल महात्मा विदुर की नगरी विदुर कुटी को भी जोड़ता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मा.योगी आदित्यनाथ जी भी विदुर कुटी के विकास, सौंदर्यकरण और उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत हैं और विदुर कुटी का भ्रमण भी कर चुके हैं। इसलिए इस मार्ग पर भी मिनी रोडवेज बस का संचालन होना अतिआवश्यक हैं। जिससे क्षेत्र की जनता को यातायात सुविधा के साथ-साथ धार्मिक स्थल विदुर कुटी के भी आने-जाने का लाभ मिले। ज्ञापन देने वालों में दीपक चौहान चानू के साथ भाजपा मंडल संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ निपेंद्र सिंह, सभासद वरुण अग्रवाल व मोहित वर्मा भी साथ रहे।

# नगीना में एम्स खोलने की मांग को लगा झटका

## बंद पड़ी कताई मिल की आराजी पर स्थापित होगा टेक्सटाइल पार्क

***नगीना ( चिंगारी )। नगीना की बंद पड़ी सहकारी कताई मिल की खाली पड़ी 265 बीघा आराजी पर एम्स अस्पताल खुलवाने की मांग को लेकर चली मुहिम को कड़ा झटका लगा है। प्रदेश सरकार ने कताई मिल की आराजी पर टेक्सटाइल पार्क स्थापित किए जाने को हरी झंडी दे दी है। यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो आने वाले दिनों में नगीना कताई मिल की जगह पर कपड़ा उद्योग स्थापित होंगे।***


नगीना की बंद पड़ी सहकारी कताई मिल

नगीना क्षेत्र के युवाओं व व्यापारियों को करीब 23 वर्षों तक प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर रोजगार उपलब्ध कराने वाली सहकारी कताई मिल पिछले करीब 25 वर्षों से बंद पड़ी है। सन् 2001 में मिल में ताले लग गए थे, तब से मिल की 265 बीघा खाली पड़ी आराजी पर हर सरकार ने कुछ नया करने की घोषणा तो की लेकिन धरातल पर आज तक कुछ भी नहीं हो सका है। वर्तमान में उद्योग को बढ़ावा देने की अपनी मंशा के अनुरूप प्रदेश सरकार ने कैबिनेट में नगीना की बंद पड़ी कताई मिल की जगह पर टेक्सटाइल पार्क स्थापित किए जाने की घोषणा की है। इसके अंतर्गत अब इच्छुक व्यापारी व कंपनियां कपड़ा उद्योग को यहां स्थापित कर सकेंगे। दूसरी तरफ पालिका के नामित सभासदों द्वारा पिछले काफी समय से इस खाली पड़ी आराजी पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए प्रस्तावित एम्स अस्पताल खोले जाने की मुहिम चलाई जा रही थी। इस संबंध में करीब एक लाख पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री को भेजने का निर्णय भी हुआ था। भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने एम्स अस्पताल खोले जाने की मांग को लेकर पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री को भेज भी दिए थे, पिछले दिनों इस मांग का एक पत्र लेकर भाजपा के पश्चिम क्षेत्र के मंत्री अनुप बाल्मीकि ने भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सैनी से भी लखनऊ में मुलाकात कर इस मांग को रखा था, लेकिन इन सब मुहिम को दरकिनार करते हुए प्रदेश सरकार ने इस जगह पर कपड़ा उद्योग लगाने का निर्णय ले लिया है, जिससे स्थानीय लोगों की मुहिम को कड़ा झटका लगा है।

# भाजपा की जीत पर भाजपा नेता ने बांटी मिठाई

**स्योहारा ( चिंगारी )।** अरुण कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान पर भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में जीत की खुशी में मिठाई बांटी गई। अरूण वर्मा ने कहा पश्चिम बंगाल की यह ऐतिहासिक महाविजय असम में लगातार तीसरी एवं पांडिचेरी में दूसरी बार विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की देन है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल एवं राष्ट्रीय संरक्षक अरुण कुमार वर्मा, जिला अध्यक्ष एवं मंडल मंत्री भाजपा अमित कुमार वर्मा,



मंडल अध्यक्ष नीरज राणा, मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह सैनी, सुरेंद्र सैनी, पंडित शरणजीत जोशी, शक्ति केंद्र संयोजक मनुज वर्मा, कपिल वर्मा, प्रियांशु वर्मा, कनिष्क वर्मा, अंश वर्मा, चिंटू वर्मा, शोभित वर्मा, मोहित वर्मा, रोहित वर्मा, पारस वर्मा, मणि वर्मा, संजीव गर्ग, अश्वनी विश्नोई, आदित्य कुमार, अक्षय वर्मा आदि मौजूद रहे।


# निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एमजीएमपीएम इंटर कालेज, बसी-किरतपुर, जि. बिजनौर की खाली पड़ी भूमि (क्रीड़ा स्थल छोड़कर) निम्नलिखित के लिये निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं-

| | | |
|---|---|---|
| 1. साप्ताहिक हाट | केवल दिन रविवार | पांच वर्ष के लिये |
| 2. प्रदर्शनी | | दो वर्ष के लिये |

इच्छुक ठेकेदार दिनांक 12/05/2026 तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा, अथवा स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय एमजीएमपीएम इंटर कालेज, बसी-किरतपुर, जि. बिजनौर के पते पर अपनी कोटेशन सील्ड लिफाफे में प्रस्तुत करें। निविदा खोलने की तिथि व समय ठेकेदार/फर्म को उनके मोबाइल पर सूचना दे दी जायेगी। कोटेशन के साथ रू. 10,000 का डी.डी. उक्त दोनों बिन्दुओं के लिये अलग-अलग विद्यालय के नाम से जमा करें।

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित शर्तें लागू होंगी-

1. स्वीकृत निविदा की धनराशि का 50 प्रतिशत अग्रिम स्वीकृति आदेश के 10 दिन के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा।
2. शेष धनराशि 50 प्रतिशत समय से 1 वर्ष पूर्व जमा करनी होगी।
3. कोटेशन स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का अधिकार प्रबंधक का होगा।
4. शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. सम्बंधित ठेकेदार को जमा करनी होगी।

दिनांक 04/05/2026

**प्रबंधक**

**एमजीएमपीएम इंटर कालेज**
**बसी-किरतपुर ( बिजनौर )**


# फार्मेसी के छात्रों को समारोहपूर्वक विदाई दी

**बिजनौर ( चिंगारी )। कृष्णा फार्मेसी कॉलेज में बी.फार्मेसी के छात्रों द्वारा विदाई समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम बी.फार्मेसी अंतिम वर्ष के छात्रों के सम्मान में आयोजित किया गया।**




कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबंध निदेशक श्री पवन कुमार तथा प्राचार्य डॉ. अंकित कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और अपनी खट्टी-मीठी यादें साझा कीं। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। विदाई समारोह में रैम्प वॉक, कैटवॉक, डांस, स्पीच एवं गायन प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। रैम्प पर कैटवॉक को दर्शकों ने खूब सराहा और जमकर हूटिंग भी की। छात्रों के मनोरंजन के लिए क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सही उत्तर देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। जज की भूमिका मंदीप चिकारा, अंशिका राव तथा राजीवेंद्र कौर द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम का संचालन कल्पना चौधरी एवं अदीबा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंतिम वर्ष के छात्र गौरव को 'मिस्टर फेयरवैल' तथा छात्रा को 'मिस फेयरवैल' के खिताब से सम्मानित किया गया।

# लोकेन्द्र चौधरी ने बांटकर मिठाई, भाजपा की जीत की खुशी मनाई



**झालू ( चिंगारी )।** पश्चिम बंगाल में पूर्ण बहुमत तथा पांडिचेरी और असम में भाजपा की सरकार बनने की खुशी में नगर पंचायत कार्यालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ जीत का जश्न मनाया। कार्यक्रम के दौरान लोकेंद्र चौधरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यालय परिसर में रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। इस मौके पर लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत जनता के विश्वास और पार्टी की नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का ही परिणाम है कि जनता ने एक बार फिर भाजपा पर भरोसा जताया। इस अवसर पर भाजपा नेता सुरेश वर्मा, संजय वर्मा, अनुराग जोशी, बिट्टू जोशी, नीरज चौधरी, नवीन कुमार, सौरभ गुप्ता, फुरकान, दीपक, शगुन अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, अनिल कुमार आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गांव में घुसकर बिल्ली को उठा ले गया गुलदार

**शेरकोट ( चिंगारी )।** गांव में आकर गुलदार द्वारा एक बिल्ली को उठाकर ले जाने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से आबादी क्षेत्र के आसपास मंडराते नजर आ रहे गुलदार को पकड़वाने की मांग की है। बता दें कि क्षेत्र के ग्राम पालकी एमन और उमरपुर आशा के आसपास विगत सप्ताह से बार-बार गुलदार घूमता नजर आ रहा है। इसी के चलते रविवार की रात आबादी में घुस आये गुलदार ने आवारा कुत्ते पर हमला करने का प्रयास किया, परंतु कुत्ते के पकड़ में ना आने पर घात लगाकर बैठा गुलदार कुछ देर बाद इमरान के घर की बाउंड्री पर बैठी बिल्ली को अपना शिकार बनाकर ले गया। रात्रि के समय आहट महसूस होने पर गांववासी इमरान, अबरार, जीशान, अफजल, बबलू, निजामुद्दीन, नवाब शादाब आदि की लोगों की आंख खुल गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आये। ग्रामीणों द्वारा टॉर्च की रोशनी लगाने के साथ-साथ शोर मचाने पर गुलदार बिल्ली को मुंह में दबाए जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिन से गुलदार गांवों के पास मंडराता और खेतों में गुर्राता नजर आ रहा है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बनता जा रहा है। गांववासियों ने वन विभाग के अधिकारियों से पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने और वन क्षेत्र में छुड़वाने की मांग की है।

# फुलसंदा आश्रम में आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया परलोक यात्रा पर्व

**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के प्रसिद्ध गुरुगद्दी दरबार फुलसंदा आश्रम में मंगलवार को परलोक यात्रा पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनपद बिजनौर ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों और अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आश्रम पहुंचे। कई अनुयायी पैदल यात्रा करते हुए दरबार में उपस्थित हुए, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही आश्रम परिसर में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया और धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। पूरे परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, वहीं भजन-कीर्तन और प्रवचनों से माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। इस दौरान बाबा फुलसंदे वालों ने अपने

**दूर-दराज से पैदल पहुंचे हजारों श्रद्धालु**




अनुयायियों को संबोधित करते हुए परलोक यात्रा से जुड़ी अपनी अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति साझा की। उन्होंने बताया कि जब वह 19 वर्ष की आयु में थे, तब 5 मई के दिन मृत्यु के देवता यमराज उन्हें यमलोक ले गए। वहां उन्हें स्वर्ग, नर्क, वैकुंठ सहित विभिन्न लोकों के दर्शन कराए गए। बाबा ने विस्तार से बताया कि किस प्रकार मनुष्य के कर्म उसके परलोक का निर्धारण करते हैं। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य को जीवन में सदैव अच्छे कर्म करने चाहिए, क्योंकि मृत्यु के बाद आत्मा को उसी के अनुसार फल प्राप्त होता है। उन्होंने चेताया कि बुरे कर्म करने वालों को नर्क की कठिन यातनाएं सहनी पड़ती हैं, जबकि सच्चे और नेक कार्य करने वाले उच्च लोकों को प्राप्त करते हैं। अग्नि देवता, धनपति कुबेर, वरुण देवता, सोहांग देवता, कुलवीर देवपुत्र समेत बड़ी संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव की सरगर्मियां तेज

## चुनाव चिन्ह आवंटित, मतदान 11 मई को

**नहटौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक स्तरीय चुनाव को लेकर माहौल गर्म हो गया है। सोमवार को ब्लॉक परिसर में नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई, जिसमें विभिन्न पदों के लिए कई प्रत्याशियों ने दावेदारी पेश की। अध्यक्ष पद के लिए नौसिंह, लाखन सिंह और सोनू ठाकुर के बीच मुकाबला होगा। महामंत्री पद पर राजकुमार और मुकेश कुमार आमने-सामने हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए वीरेंद्र कुमार और शीशपाल सिंह ने नामांकन किया है। इसके अलावा संगठन मंत्री पद पर महेंद्र सिंह और सुनील कुमार तथा संप्रेषक पद पर अमर सिंह और राजीव कुमार के बीच मुकाबला होगा। एक पद पर कई उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से चुनाव दिलचस्प हो गया है। चुनाव अधिकारी संगीत पवार ने बताया कि सभी नामांकन पत्र सही पाए गए हैं और प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। मतदान 11 मई को कराया जाएगा, जिसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।**

# सौर ऊर्जा आज के समय की आवश्यकता : राज्यमंत्री सोमेंद्र


फीता काट कर शुभारंभ करते उर्जाराज्य मंत्री डा. सोमेन्द्र तोमर

**चांदपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार में ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा राज्य मंत्री डा. सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि सौर ऊर्जा आज समय की आवश्यकता है, इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ उर्जा आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा। राज्यमंत्री डा. सोमेन्द्र तोमर सोमवार को ग्राम स्याऊ में एसके सोलर पावर प्रतिष्ठान का फीता काट कर शुभारंभ करने के पश्चात उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सौरभ तोमर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी, विवेक कर्णवाल, दिग्विजय सिंह,पुखराज सैनी, संजय चौधरी, आयुष चौहान, प्रभात यादव, मंजीत चौधरी, सुनील चौधरी, विकसित चौधरी, अवनीश त्यागी, प्रशांत जोशी आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री डा सोमेन्द्र तोमर के यहां पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणो द्वारा फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत सम्मान किया गया। प्रतिष्ठान स्वामी सौरभ तोमर ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

# रामा कालेज के साइंस विभाग में हुई भव्य फेयरवेल पार्टी




**किरतपुर ( चिंगारी )।** रामा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, किरतपुर में एम.एससी. एवं बी.एससी. अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। बी.एससी. प्रथम वर्ष से सृष्टि, वंशिका, अंशिका, सुहानी, अनु, राधिका, कृतिका तथा द्वितीय वर्ष से आयुष पुरिया, अर्शी, करीना सहित अन्य विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। एम.एससी. फेयरवेल अवॉर्ड्स में मिस फेयरवेल निकिता राजपूत, मिस्टर फेयरवेल अभिषेक राजपूत, मिस स्पार्कल दिया राजपूत को चुना गया। बी.एससी. फेयरवेल अवॉर्ड्स में मिस फेयरवेल आयशा सुहैल, मिस्टर फेयरवेल अमित, मिस स्पार्कल अंजली राजपूत, मिस परफेक्ट श्वेता शर्मा व महक अब्बास को चुना गया। प्राचार्य डॉ. डबलेश कुमार, उप प्राचार्य डॉ. रवीश कुमार, डीन साइंस डॉ. सी.डी.शर्मा, विभागाध्यक्ष पूजा पाल, नितिन कुमार, पृथ्वीराज, कृतिका वार्ष्णेय, नेहा शर्मा, जकीउल्ला आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बी.एस.सी प्रथम वर्ष की छात्राओं नैन्सी राजपूत, सफिया नूर व अजका जमाल द्वारा किया गया।

# तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनने पर जश्न मनाया


नगीना में गांधी मूर्ति तिराहे पर खुशी मनाते पार्टी कार्यकर्ता।

**नगीना ( चिंगारी )।** तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर जश्न मनाया। सोमवार की दोपहर भाजपा के कार्यकर्ता गांधी मूर्ति तिराहे पर एकत्र हुये तथा पश्चिम बंगाल, असम सहित तीन राज्यों में पार्टी की प्रचंड बहुमत से सरकार बनने पर जमकर खुशी मनाई। इस मौके पर पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल ,प्रमोद चौहान कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ मित्तल, शिव शंकर सक्सेना,सभासद गोपाल शर्मा, गर्वित चौधरी, जितेंद्र राठी, डॉ. भूपेश चौहान, अब्दुल कय्यूम राईन आदि मौजूद रहे।

# भाजपा की जीत का जश्न मनाया, एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया

**शेरकोट ( चिंगारी )। भाजपा को बंगाल सहित तीन राज्यों में मिली शानदार जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के बीच जश्न मनाते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर पार्टी की जीत पर खुशी का इजहार किया।**

सोमवार की देर शाम भाजपा मंडल अध्यक्ष विजयपाल सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता बैंक ऑफ़ बड़ोदा चौक पर जमा हुए और क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार राणा के सुपुत्र प्रियंकर राणा के पहुंचने पर उनके साथ मिलकर पार्टी की जीत का जश्न मनाया । कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रियंकर राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में मजबूत होकर विश्व में अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल सहित अन्य राज्यों में मिली जीत सरकार की जनहितैषी नीतियों का नतीजा है।




इस अवसर पर कामेश्वर राजपूत, अचल चौहान, विजयपाल सैनी भाजपा मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री शिवकुमार, शुभम बिड़ला, यतेंद्र कुमार, संजीव राजपूत, दौलतपाल, रणजीत सिंह, निपेंद्र कुमार, चंद्र प्रकाश, राजवीर गहलौत,राधे सैनी, लकी सैनी, संजय प्रजापति, सुशील सैनी, नितिन सैनी, दिलशाद अहमद आदि उपस्थित रहे।

# स्ट्रीट फूड का हब बना बिजनौर की सिविल लाइंस और किरतपुर रोड

-सुशील कर्णवाल






**बिजनौर (चिंगारी)।** एक जमाना था जब चाट के शौकीनों को चाट खाने के लिये जैन मंदिर के पास या पूजा घंटे वाले की आलू की टिक्की या डाकखाने के चौराहे पर गोल गप्पे खाकर ही संतोष करना पड़ता था। इससे पहले एक लक्ष्मी स्वीट सेंटर हुआ करता था, जहां चाट खाने को मिलती थी, किंतु आज सब कुछ बदल चुका है। शाम के समय किरतपुर रोड पर आप जायें तो लगेगा हम किसी महानगर में आ गये हैं। पुरानी गाड़ियों का स्वरूप बदलकर उन्हें फूड प्वाइंट में बदल दिया गया है। उन्हीं के बाहर कुर्सी-मेज डालकर बैठने की व्यवस्था की गई है। शाम ढलते ही चाइनीज फूड खाने वालों का वहां मेला लग जाता है। जैसे ही शाम होती है नगर पालिका चौराहे से लेकर किरतपुर रोड, रेलवे चौराहे तक फास्ट फूड का बाजार गुलजार हो जाता है। रेनबो स्कूल के गेट पर मोहन जी पानी बतासे वाला मात्र दो घंटे में सारा सामान बेचकर चला जाता है।




गोल गप्पे खाने के लिये लोगों को इंतजार करना पड़ता है। बीकानेर के बाहर आलू की टिक्की और गोल गप्पे खाने वालों की भीड़ देखी जा सकती है। जगना के छोले कुलचे खाने के लिये भी नगर पालिका चौराहे पर लाइन लगती है।

चाइनीज फूड खाने वालों के लिये तो शक्ति चौक और किरतपुर रोड किसी हब से कम नहीं है। खाने की इतनी वैरायटी हैं कि आप सोच भी नहीं सकते। जब आप किरतपुर रोड पर जायेंगे तो आपको काउंटर मिलेंगे चाप फेस्टा, तंदूरी टम्मी, क्रेविंग्स, हाऊस ऑफ चाप, मि. सिंह एक्स, पब्ब टकन्स, अन्ना डोसा, टॉफी फास्ट फूड, हंगरी हाईवे, ये सब सोया चाप, मशरूम, मोमोज, नूडल्स, फ्रेंच फ्राइज, स्वीट कोर्न आदि के काउंटर हैं। कप एन कोन्स आईसक्रीम, रेड चीली, परिधि दाल भण्डार आदि भी हैं। नगर पालिका चौराहे से लेकर शक्ति चौक के बीच श्री श्याम कोल्ड कॉर्नर एंड फास्ट फूड, संगम आईसक्रीम, संजय फलूदा कुल्फी, आजाद कुल्फी वाले, वंश कुल्फी, मेवाड़ प्रेम, मूंग की दाल के राम लड्डू, एमबीए बर्गर वाला, आरोही फास्ट फूड, धर्मपाल कश्यप फास्ट फूड, श्री खाटू श्याम जी गोल गप्पे सेंटर, हॉट चीली बर्गर, फिजा फास्ट फूड, महादेव फास्ट फूड, साउथ इंडियन मदरासी डोसे वाला, मिस्टर ईट एंड बाइट्स, गप्पू गोल चाप, मुंबई किंग डोसा, मिस्टर भुखड़, चांदपुर की स्पेशल मूंग की दाल, खन्ना जी के गोल गप्पे, चाइना टाउन, लक्की पीजा प्वाइंट, बालाजी दाल भण्डार, काठी कॉर्नर, टिन्नी टेबल फूड कॉर्नरों के इन नामों को पढ़कर लगता है जैसे हम किसी दूसरे देश में आ गये हैं।

## अबरार आलम एवं लियाकत अली ने ग्रहण की आसपा की सदस्यता



**नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)।** नजीबाबाद के पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं बसपा नेता प्रत्याशी अबरार आलम अंसारी तथा जलालाबाद के पूर्व चेयरपर्सन पति लियाकत अली अंसारी ने अपने समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आज़ाद के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी एवं साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के नेतृत्व में दिल्ली में सांसद चंद्रशेखर से मुलाकात कर दोनों नेताओं ने यह घोषणा की। दोनों नेताओं ने कहा कि वे पार्टी की विचारधारा व सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर अबरार आलम एड. व लियाकत अंसारी को पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

## कु. सोनाक्षी ने 93 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पाया



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता व पत्रकार रामोद कुमार प्रजापति की होनहार पुत्री कुमारी सोनाक्षी ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सोनाक्षी कक्षा 7 की छात्रा हैं, उन्होंने अपनी कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। किरतपुर ग्रामीण क्षेत्र के भनेड़ा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत नजीबाबाद थाना क्षेत्र के गांव जगदीशपुर उर्फ बाजोपुर की निवासी सोनाक्षी ने कुल 1000 अंकों में से 930 अंक प्राप्त किए। विषयवार प्रदर्शन भी अत्यंत सराहनीय रहा। हिन्दी में 95, अंग्रेजी में 96, जीव विज्ञान में 91, रसायन विज्ञान में 94 तथा भौतिक विज्ञान में 91 अंक हासिल किए। विद्यालय की वार्डन एवं शिक्षकों ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पत्रकार एवं समाजसेवी पंकज कुमार दक्ष एवं उनकी पत्नी श्रीमती इन्द्रेश दक्ष ने भी छात्रा उसके अभिभावकों एवं पूरे परिवार को इस शानदार सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

# नांगल की पहचान है यह पिलखन का पेड़




**पर्यावरण संरक्षण अभियान**

**नांगल सोती (चिंगारी)। राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज और थाने के समीप स्थित पिलखन का विशाल वृक्ष नांगल की पहचान बना हुआ है। यह वृक्ष गर्मी से बेहाल होते राहगीरों को बड़ी राहत प्रदान करता है। इसे नांगल की प्राकृतिक एसी भी कहा जाता है। आज इस तरह के पेड़ काफी कम नज़र आते हैं।**

भीषण गर्मी में जब पंखे भी गर्म हवा फेंकते हैं और मकानों के अंदर बैठना मुश्किल हो जाता है, तब आसपास के लोग इस पेड़ के नीचे आकर बैठ जाते हैं। कितनी भी गर्मी हो, यह पेड़ हमेशा राहत प्रदान करता है। भीषण गर्मी के समय में इस पेड़ के नीचे काफी संख्या में लोग बैठे दिखाई देते हैं। आसपास के निवासियों को भी इस पेड़ से बड़ी राहत मिलती है। जिस स्थान पर यह पेड़ खड़ा है, कभी वह स्थान काफी गहराई में था। अब तक उस स्थान पर 5-6 फीट मिट्टी का भराव हो चुका है। इससे इस पेड़ की जड़ को मजबूती मिली है।



**नांगल की पहचान के तौर पर खड़ा पिलखन का पेड़**

पिलखन का यह पेड़ नांगल की पहचान है। लोग नांगल में आकर दूसरे व्यक्ति को बताते हैं कि पिलखन के पेड़ के नीचे खड़ा हूं। केवल पिलखन बताते ही दूसरे व्यक्ति के लिये जगह को समझ जाना पर्याप्त होता है। इस पेड़ से 8-10 कदमों की दूरी पर चाय की दुकान करने वाले 70 वर्षीय सतीश शर्मा बताते हैं कि उनके पिताजी बताते थे कि उक्त पेड़ 1947 में रोपा गया था। पेड़ के समीप रहने वाले रिटायर्ड टीचर अभयराम सिंह पहलवान बताते हैं कि इस पेड़ की शीतल हवा पंखे, कूलर से भी ज्यादा राहत प्रदान करती है। इस तरह के पेड़ लगाना तथा उनका संरक्षण करना पर्यावरण की दृष्टि से बेहद आवश्यक है।

(रुकन राजपूत)

## ऑक्सीजन का 'पावर हाउस'

**पिलखन के पेड़ का वैज्ञानिक नाम फिकस विरेन्स है। इसे पाकड़, पकरिया या सफेद अंजीर भी कहा जाता है। इसका पर्यावरणीय महत्व ये है कि इसे ऑक्सीजन का 'पावर हाउस' माना जाता है। यह वृक्ष घनी छाया प्रदान करता है। पिलखन का पेड़ तेजी से बढ़ने वाला पेड़ है, जो काफी विशाल एवं ऊंचा हो जाता है। पिलखन का औषधीय महत्व भी है। इसकी छाल का काढ़ा हड्डियों को मजबूत करने के लिये उपयोग किया जाता है। इसके फल, पत्तियां और छाल पारंपरिक चिकित्सा में घाव भरने, त्वचा विकारों और मधुमेह को नियंत्रित करने के लिये उपयोग होते हैं। पिलखन का विशाल पेड़ पक्षियों के लिये सुगम आवास होता है।**

# आगे जा रही बस से टकराकर कार में आग लगी, लोगों ने कूद कर जान बचाई



**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** नजीबाबाद-हरिद्वार हाईवे पर चिड़ियापुर के पास चिड़ियापुर पुलिस चेक पोस्ट से कुछ ही दूरी पर सोमवार को दोपहर चलती कार में आग लग गयी। कार में पांच लोग सवार थे। कार में आग लगते ही कार में सवार पांचों लोगों ने कार से कूद कर जान बचाई। श्यामपुर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंच कर हाईवे से गुजरने वाले वाहनों को नियंत्रित किया तथा दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार की आग को बुझाया। टैक्सी (कार) सवार देहरादून से नहटौर जा रहे थे जैसे ही कार चिड़ियापुर के पास पहुंची हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार हाईवे पर भैंसों के आ जाने से हादसा हुआ। कार से आगे बस चल रही थी। बस के आगे अचानक भैंसों के आ जाने से बस चालक ने ब्रेक लगायें। बस के पीछे-पीछे चल रही कार के चालक ने कार को रोकने की कोशिश की, तो अचानक कार टकरा गयी, जिससे कार में आग लग गयी। कार में आग लगते ही हाईवे पर अफरा-तफरी मच गयी। श्यामपुर पुलिस ने बड़ी मुश्किल से यातायात को नियंत्रित किया। जब तक मौके पर दमकल टीम पहुंची तब तक कार का अधिकांश हिस्सा जल चुका था। दमकल की टीम ने पहुंच कर कार की आग को बुझाया। कोतवाली श्यामपुर प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कार सवार पांचों लोग सुरक्षित

# सूरत सिंह कोहली कांग्रेस के एससी प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष मनोनीत




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश सिंह के संचालन में प्रदेश अध्यक्ष एस.सी. प्रकोष्ठ के मदन लाल ने कहा कि अधिवक्ता, सूरत सिंह कोहली को महानगर अध्यक्ष एस.सी. प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी है जिनका कांग्रेस भवन में कांग्रेस जनों ने तालियों के साथ स्वागत किया। नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष को माला पहनाकर बधाई देते हुए कहा कि एक पढ़े लिखे एवं सुलझे हुए व्यक्ति हैं। आशा है कि वह अपनी इस जिम्मेदारी को बहुत अच्छे से निभाएंगे। पूर्व कबीना मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण व पीसीसी जयेन्द्र रमोला ने भी कहा कि कांग्रेस को और मजबूत बनाने के हर सम्भव प्रयास करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा द्वारा महिला आरक्षण के नाम पर जो कुछ संसद में हुआ उस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह राष्ट्र के नाम संबोधन नहीं, सरकारी खर्च पर चुनावी भाषण था।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी मदन मोहन शर्मा, बैसाख सिंह पयाल, चंदन पंवार, ललित मोहन मिश्रा, धर्मपाल, पार्षद भगवान सिंह पंवार, सरोजिनी थपलियाल, सूरत सिंह कोहली, राजेंद्र कोठारी, मदन शर्मा, अशोक शर्मा, संजय भारद्वाज, राजेश शाह, भूपेंद्र राणा, जगजीत सिंह, मुकेश जाटव, जतिन जाटव, जगजीत सिंह, हिमांशु जाटव, हिमांशु कश्यप, मानव रावत, गंभीर सिंह, उम्मेद सिंह, रणजीत सिंह, अनिल सिंह, आदित्य झा आदि उपस्थित रहे।

# रसिक महाराज ने दी प्रसून जोशी को बधाई



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में जन्मे प्रसिद्ध गीतकार एवं लेखक प्रसून जोशी के प्रसार भारती का अध्यक्ष बनने पर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। स्वामी रसिक महाराज ने अपने संदेश में कहा कि प्रसून जोशी का यह दायित्व भारतीय संस्कृति, कला एवं मीडिया जगत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके नेतृत्व में प्रसार भारती नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और देश की सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रसून जोशी अपनी प्रतिभा, अनुभव और दूरदर्शिता के बल पर इस पद की गरिमा को और बढ़ाएंगे तथा जनहित से जुड़े विषयों को प्रमुखता देंगे स्वामी रसिक महाराज ने ईश्वर से उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# दो परीक्षाएं एक साथ होने पर असमंजस की स्थिति

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की प्रवक्ता भर्ती परीक्षा और उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग की भर्ती परीक्षा एक ही दिन में होने से अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बन गई है। बीएड प्रशिक्षित युवा संघ के प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने बताया कि लोक सेवा आयोग उत्तराखंड द्वारा जारी परीक्षा कैलेंडर में इंटर कालेज प्रवक्ता भर्ती परीक्षा तिथि 9 व 10 मई निर्धारित की गई थी, उसी तिथि को उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग ने भी इंटर कालेज भर्ती परीक्षा निर्धारित की है, ऐसे में जिन अभ्यर्थियों ने दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन किया है, उन्हें एक परीक्षा छोड़नी पड़ेगी। मौके पर उन्होंने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से प्रवक्ता भर्ती परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की है ताकि अभ्यर्थी दोनो परीक्षाओं में शामिल हो सकें।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# फर्जी चालान लिंक से 1.20 लाख ठगने वाला गुजरात से गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने फर्जी चालान लिंक से साइबर ठगी करने वाले को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। ठग ने वादी से चालान संबंधी फर्जी लिंक भेजकर एक लाख बीस हजार रुपये की आनलाइन ठगी की थी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 फरवरी 2026 को स्थानीय निवासी वादी जीत सिंह द्वारा कोतवाली में उनके मोबाइल पर एक चालान संबंधी संदेश आने और संदेश में दिए गए लिंक को डाउनलोड करने पर उनके बैंक खाते से 1,20,000 रू. की धनराशि कटने संबंधी शिकायत दर्ज कराई गई। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए तहकीकात आरंभ कर दी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ठाकुर एवं क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को तहकीकात के दौरान मामले में अहमदाबाद निवासी अभिषेक सोलंकी के संलिप्त होने का पता चला। जिस पर पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य एकत्रित करते हुए आरोपी अभिषेक सोलंकी निवासी अहमदाबाद, (गुजरात) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। जांच के दौरान यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि आरोपी के मोबाइल नंबर से फ्लिपकार्ट एप के माध्यम से पीड़ित के खाते से धनराशि का लेन-देन किया गया था। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## डीएम संग बैठक कल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी व उत्तराधिकारी संगठन की 6 मई को जिलाधिकारी के साथ बैठक प्रस्तावित है। बैठक में संगठन से जुड़े सदस्यों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी से वार्ता की जायेगी। यह जानकारी देते हुए संगठन अध्यक्ष यशपाल सिंह रावत ने सभी सदस्यों से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# महाविद्यालय में देव भूमि उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

## कोटद्वार क्षेत्र के आर्थिक विकास में कारगर होगी योजना : प्राचार्य

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में देवभूमि उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डी.एस. नेगी, प्रोजेक्ट ऑफिसर दिलीप कुशवाहा तथा महाविद्यालय देवभूमि उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. एस.के. गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर देवभूमि उद्यमिता योजना के महाविद्यालय नोडल अधिकारी डॉ. एस. के. गुप्ता ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को कोटद्वार क्षेत्र की सामाजिक- आर्थिक समस्याओं को पहचानने तथा उद्यमिता एवं स्टार्टअप के विकास द्वारा समाधान करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवाचार, नवीनतम तकनीकों एवं आइडियाज के माध्यम से उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में रोजगार के अवसरों को बढ़ाकर एवं सरकारी योजनाओं तथा फंडिंग का अनुकूलतम उपयोग करके पहाड़ों से हो रहे पलायन को रोका जा सकता है। प्रोजेक्ट ऑफिसर दिलीप कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं को नौकरी के साथ-साथ उद्यमिता एवं स्टार्टअप पर भी ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डी.एस. नेगी ने कहा कि महाविद्यालय में स्थापित उद्यमिता केंद्र द्वारा उत्तराखंड सरकार की महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजना के क्रियान्वयन एवं सफल संचालन हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना कोटद्वार क्षेत्र के आर्थिक विकास में कारगर सिद्ध होगी तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं इस योजना से लाभान्वित होंगे।

कार्यक्रम में डॉ. विनोद सिंह, डॉ. अंशिका बंसल, अनुपम भारद्वाज और अरविंद दुदपुड़ी सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक शामिल रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# चुनाव परिणाम देखकर खुशी से उछले किरतपुर के भाजपाई



किरतपुर (चिंगारी)। भाजपा की तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में प्रचंड जीत का जश्न भाजपा मंडल किरतपुर ने जैन चौराहे पर धूमधाम से मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर और नारे लगाकर विजय का उल्लास व्यक्त किया। जिला सहसंयोजक भाजपा आईटी विभाग अनुज अग्रवाल ने कहा,जनता का यह जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों पर पूर्ण विश्वास को दर्शाता है। मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर ने कहा, पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की भारी जीत विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद की जीत है। यह परिणाम दिखाता है कि जनता भाजपा के साथ है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी कालरा, नगर महामंत्री शिवम सिंघल, बृजमोहन राजपूत, संजीव सोनू वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता, कपिल रस्तोगी, विकास राजपूत, विकास चौहान, सूरज वाल्मीकि, अशोक चौधरी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नवनीत राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, राजपूत बीना राणा, महिला मोर्चा जिला मंत्री मोनिका कॉलरा, रुक्मणी कश्यप, नीरू कश्यप, एडवोकेट रामगोपाल, भाजपा सभासद अंकुश जैन, डॉक्टर अमजद, अमित अग्रवाल एडवोकेट, फिरोज कादरी आदि कार्यकर्ता रहे।


भारत के राजनैतिक इतिहास में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हुई ऐतिहासिक जीत एवं असम और पुडुचेरी में मिली शानदार जीत की सभी सम्मानित मतदाताओं को
दिली मुबारकबाद
एवं भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व का हार्दिक आभार
शमीम अहमद
(फल वाले)
मोहल्ला कहारान, स्टेट बैंक कॉलोनी, धामपुर (बिजनौर)
(यह जीत है जनता के विश्वास, मजबूत नेतृत्व और राष्ट्रहित की नीतियों की)



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



1500 फीट का हॉल किराये हेतु
कोचिंग सेंटर, जिम, कम्पनी ऑफिस, कम्प्यूटर सेंटर, होल सेल बिजनेस आदि के लिये उपयुक्त 1500 फीट का हॉल (अटैच बाथरूम) ऑन रोड पर किराये हेतु उपलब्ध है।
नीलकमल रोड, सिविल लाइंस, बिजनौर
मो. 9319077691, 9557917281



चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज्यादा



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर